नव प्रदेश

www.navpradesh.com | बिलासपुर, सोमवार 9 अगस्त 2021, शुक्ल पक्ष-प्रतिपदा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-07 अंक-117 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

मन के मयूर कहे हमर गांव में हरेली आ गे

छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री निवास में हरेली तिहार की रही धूम, परंपरागत तरीके से मनाया गया पर्व

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में आज परंपरागत रूप से छत्तीसगढ़ के पहले त्यौहार हरेली धूमधाम से मनाई गई। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपनी धर्मपत्नी मुक्तेश्वरी बघेल और अन्य परिजनों के साथ विधिवत रूप से ग्राम्य देवी-देवताओं, तुलसी माता, नांगर, खेती में काम आने वाले औजारों, गेड़ी और गौमाता की पूजा कर अच्छी फसल की कामना की।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में हरेली तिहार के दौरान नागर, गैंती, कुदाली, फावड़ा समेत कृषि के काम आने वाले सभी तरह के औजारों की साफ-सफाई कर पूजा की जाती है। पारंपरिक तरीके से लोग गेड़ी चढ़कर हरेली की खुशियां मनाते हैं। प्राचीन मान्यता अनुसार सुरक्षा के लिए घरों के बाहर नीम की पत्तियां लगाई जाती हैं। छत्तीसगढ़ की इस गौरवशाली संस्कृति और परम्परा को सहेजने के लिए राज्य सरकार ने हरेली त्यौहार के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है।

हरेली पर्व की दी बधाई

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरे प्रदेशवासियों को हरेली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि राज्य सरकार ने पिछले साल हरेली के त्यौहार पर प्रदेशवासियों के लिए देश की अपनी तरह की पहली अनूठी योजना 'गोधन न्याय योजना' का शुभारंभ किया है। योजना के तहत सरकार ने किसानों और पशुपालकों से दो रुपए किलो की दर से गोबर खरीदी कर ग्रामीणों के लिए आय का एक नया जरिया तैयार किया है। खरीदे गए गोबर से गौठानों में महिला समूह वर्मी कम्पोस्ट तैयार कर रहे हैं, जिसका उपयोग खेतों और बाड़ियों की उर्वरता बढ़ाने में किया जा रहा है। इस योजना ने न केवल किसानों, पशुपालकों, महिलाओं की आय बढ़ाई बल्कि इससे जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। इससे पशुधन के संरक्षण, संवर्धन और तरक्की की राह भी खुली है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि प्रदेशवासी अपने पारंपरिक मूल्यों को सहेजते हुए गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने में सहभागी होंगे।

गेड़ी में चढ़कर थिरके मुख्यमंत्री भूपेश

ग्रामीण परिवेश में सीएम हाउस

पूरी तरह ग्रामीण परिवेश में सजे-धजे मुख्यमंत्री निवास में हरेली पर चारों ओर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छटा दिखाई दी। आयोजन में मौजूद लोगों ने छत्तीसगढ़ी लोक संगीत, लोक नृत्य, पारंपरिक गड़वा बाजा, राऊत नाचा, गेड़ी नृत्य, खेल, रैचुली और व्यजंनों का आनंद लिया।

लोकवाणी में 'आदिवासी अंचलों की अपेक्षाएं और विकास' विषय पर हुई चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुखिया भूपेश बघेल ने रविवार को अक्श्वनी केंद्रों से प्रसारित ''लोकवाणी'' की 20वीं कड़ी में ''आदिवासी अंचलों की अपेक्षाएं और विकास'' विषय पर प्रदेशवासियों से बात-चीत की। कार्यक्रम के शुरुआत में प्रदेशवासियों को पारंपरिक हरेली तिहार की बधाई और शुभकामनाएं दी।

राज्य में 29 नई तहसीलों और 4 नए अनुविभागों का गठन : बघेल

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रेडियो वार्ता के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति के अनुसार हरेली साल का पहला त्यौहार है। इस दिन अपने गांव-घर, गौठान को लीप-पोत कर तैयार किया जाता है। गौमाता की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़िया भावना को ध्यान में रखते हुए हरेली सहित पांच त्यौहारों में सरकारी छुट्टी घोषित की गई है। उन्होने विश्व आदिवासी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार बनने के बाद प्रदेश में पहली बार विश्व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लोक कलाकारों के साथ झूमे सीएम भूपेश

इस अवसर पर खुद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सीएम निवास पर गेड़ी पर चढ़े और किसानों की तरह खुमरी पहनकर जमकर राउत नर्तकों के साथ थिरके। साथ ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने लोक नृत्य कलाकारों के साथ नृत्य कर उनका उत्साह बढ़ाया। मुख्यमंत्री इस अवसर पर गिल्ली डंडे और भौरें पर भी अपना हाथ आजमाया। उन्होंने अपनी बेटी के साथ रैचुली का भी आनंद लिया। ष्टरूनिवास में पारंपरिक नृत्य का भी आयोजन किया गया था। सीएम हाउस में हरेली तिहार के मौके पर कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, वन मंत्री मोहम्मद अकबर, नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री शिवकुमार डहरिया, पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम और निगम मंडलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण भी शामिल हुए।

आज बेबाक

ओलंपिक में इस बार भारत ने एक स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 4 कांस्य पदक जीतकर एक नया इतिहास रच दिया। एथलेटिक्स में पहली बार भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल हासिल कर 130 करोड़ भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। नीजर चोपड़ा के बारे में यह कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि जब तक सूरज चांद रहेगा। नीरज तेरा नाम रहेगा। भारत प्रतिभाओं की खान है। बस ऐसे हीरों को तराशने की जरूरत है। यदि ऐसा किया गया तो अगले ओलंपिक में भारत के बेटे और बेटियां पदकों की झड़ी देंगे।

बदमाश से डरकर भागे पुलिस वाले

पेट्रोलिंग टीम से उलझता दिखा नशे में धुत आदतन बदमाश

मौके से पेट्रोलिंग टीम भागी; TI बोले FIR दर्ज होने पर करेंगे कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। सकरी थाना क्षेत्र के नया बाजार में नशे में धुत्त एक बदमाश ने पुलिस के साथ मारपीट करने की कोशिश की। बदमाश पहले से चोटिल था और घटना के दौरान उसने शराब पी रखी थी। नशे में होने की वजह से पुलिसकर्मियों ने उससे उलझने की बजाय मौके से चले जाना ही समझा।

मारपीट की सूचना के बाद मौके पर पहुंची थी पुलिस

बिलासपुर में बना यह वीडियो सोशल मीडिया पर अब खूब वायरल हो रहा है, जिसमें नशे में चूर युवक पुलिसकर्मियों से उलझता दिख रहा है। उसने पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज करने से भी परहेज नहीं किया। वीडियो की पड़ताल किए जाने पर पता चला कि घटना सकरी थाना क्षेत्र के नया बाजार की है, जहां युवती से छेड़छाड़ और उसके बाद मारपीट की खबर पर थाने की पेट्रोलिंग टीम से तीन पुलिसकर्मी पहुंचे थे, लेकिन मौके पर पुलिस के पहुंचने के बाद नशे में धुत्त विक्की पाण्डेय ने तीनों पुलिसकर्मियों के साथ क्या सुलूक किया यह वीडियो में साफदेखा जा सकता है।

वीडियो में दिख रहा विक्की पाण्डेय अपने क्षेत्र का आदतन अपराधी है। विक्की के खिलाफ गंभीर मामलों के केस दर्ज हैं। यह उन अपराधियों में शामिल है जिनपर पुलिस हमेशा नज़र रखती है। ऐसे मुजरिमों को पुलिसिया भाषा में 'निगरानी बदमाश' भी कहते हैं। पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले विक्की के सिर पर चोट लगी थी। इसके साथ ही वह नशे में धुत भी था। ऐसे में पुलिस वालों ने उसपर सख्ती नहीं दिखाई।

सकरी थाना प्रभारी प्रसाद सिन्हा ने कहा कि जिन लोगों की शिकायत पर पेट्रोलिंग टीम पहुंची थी। उन्होंने अभी तक आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई है। अगर वह सामने आते हैं तो हम कार्रवाई करेंगे। घटना के समय आरोपी नशे में था। इसके साथ ही उसे चोट भी लगी थी, ऐसे में अगर पुलिस उस पर सख्ती दिखाती तो उसे और चोट लग सकती थी। ऐसे में कोई अनहोनी न हो केवल इसलिए पेट्रोलिंग टीम ने मौके से लौट जाना ही बेहतर समझा।

दरअसल, पुलिस ऐसे नशेड़ियों को थाने में लाने से बचती है, क्योंकि अगर थाने के अंदर ये कोई आत्मघाती कदम उठाते हैं तो बाद में फिर पुलिस पर सवाल खड़े होते हैं, इसलिए पुलिस अधिकतर ऐसे मामलों में पीड़ित और शिकायतकर्ता के बीच आपसी सहमति और समझौते करने की कोशिश करती है।

दो बकरी चोर और एक खरीददार पुलिस के हत्थे चढ़े

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण अंचलों में घूम घूम कर मवेशी बकरी चोरी करने वाले दो बकरी चोरों को रतनपुर पुलिस ने पकड़ने में सफलता पाई।वही चोरी की बकरी को खरीदने वाले एक खरीददार को भी पुलिस ने ग्रिफ्तार कर उनके पास से चोरी की बकरी को भी बरामद कर लिया है। रतनपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरा निवासी जवाहर श्रीवास ने थाना में आकर शिकायत की घर के अंदर कोठार से दो नग बकरा और एक बकरी को कोई चोरी कर ले गया है।इस शिकायत पर रतनपुर पुलिस ने अपनी सक्रियता से 24 घंटे के भीतर ही सुनील ध्रुव पिता राम गुलाब ध्रुव उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम रानिबचाली रतनपुर,राजेश यादव पिता राम नारायण यादव उम्र 26 वर्ष निवासी झिंगटपुर मवेशि चोरों को धर दबोचा।जहाँ इनसे पूछताछ में बताया कि हमने बकरी चोरी कर कुलदीप श्रीवास को बेच दी जहाँ रतनपुर पुलिस ने खरीददार के पास चोरी की बकरी बरामद कर सभी को थाना लेकर आगे की कार्रवाई कर रह है।

सरकारी डॉक्टर्स पर नियंत्रण नहीं अस्पताल में चल रहा गोरख धंधा

मुंगेली/नवप्रदेश। एक निजी अस्पताल में प्रसूता महिला के ऑपरेशन के लिए 16 हजार रुपए बिल आयुष्मान कार्ड से काटने के साथ ही अलग से उनसे 13 हजार रुपए जमा कराया गया। इसके बवजूद अस्पताल से छुट्टी कराने के लिए फिर 10500 रुपए की मांग की गई। नहीं देने पर प्रसूता को अघोषित रूप से बंधक बना लिया गया जानकारी मिलने पर एडीएम एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल पहुंची अस्पताल प्रबंधन से चर्चा कर प्रसूता को मुक्त करााया गया।

मिली जानकारी के अनुसार झाल नवागढ़ निवासी सिद्धार्थ गोयल अपनीपत्नी को 1 अगस्त को जिला अस्पताल डिलिवरी के लिए लाया था। जिला अस्पताल में सेवा देने वाले स्टाफ ने उन्हें कहा कि महिला के पेट में पानी नहीं है, बच्चा नार्मल डिलवरी नहीं हो पाएगा, इसलिए इन्हें किसी दूसरे अस्पताल में ले जाएं सिद्धार्थ ने

पूछा कि यहां ऑपरेशन नही हो सकता क्या उन्हें बताया गया कि यहां नहीं हो पाएगा डॉक्टर नही है सिद्धार्थ ने अपनी पत्नी को अवध केयर हॉस्पिटल लेकर आया बताया गया कि सुबह जिला अस्पताल के सेवा देने वाली महिला डॉक्टर ने अवध केयर हॉस्पिटल में उस पीड़ति महिला का ऑपरेशन किया। अवध हॉस्पिटल में उस पीड़ति महिला का ऑपरेशन का बिल 16 हजार रुपए आयुष्मान कार्ड से काटा गया। साथ ही अलग से उनसे 13000 फिर जमा कराया गया। हॉस्पिटल से छुट्टी कराने के लिए फिर 10500 की मांग की जा रही थी। घटना की जानकारी एसडीएम नवीन भगत और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मिली तो अवध हॉस्पिटल पहुंचकर पीड़ति महिला की छुट्टी कराया गया और अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की बात कही गई। अस्पताल प्रबंधन ने जानकारी दी कि आयुष्मान कार्ड में नवविवाहिता आदि का नाम नहीं रहने की वजह से 13 हजार रूपए शुरू में काशन मनी के रूप में जमा कराया जाता है, जिसे बाद में वापस कर दिया जाता है। 5500 रुपए बच्चे के इलाजमें खर्च किया गया था।

सरकारी डॉक्टर्स पर नियंत्रण नहीं उल्लेखनीय है कि जिला अस्पताल में रविवार एवं रात्रि को डिलिवरी केस के लिए पहुंचने वाली महिलाओं को डॉक्टर उपलब्ध नहीं है, कहकर निजी अस्पतालों में भेज दिया जाता है। यह गोरख धंधा जिला अस्पताल में चल रहा है। कुछ डॉक्टर्स वेतन तो सरकार से ले रहे है पर सेवाएं निजी हॉस्पिटल में दे रहे है। वहां से कमीशन भी डकार रहे है।

न्यूज गैलरी

राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के चांवल गोदाम का निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर ने अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान आज जिले के विकास खण्ड लोरमी के ग्राम बरबसपुर पहुँचे और वहां राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा 1 हजार 800 मीट्रिक टन क्षमता के निर्मित चावल गोदाम का निरीक्षण किया और गोदाम में भडारित चावल की मात्रा एवं परिवहन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होने चावल की गुणवत्ता को भी परखा और राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक को गोदाम में गुणवत्ता पूर्ण चावल ही भण्डारित करने के निर्देश दिये। तत्पश्चात् कलेक्टर ने ग्राम नवाडीह में स्थित राज्य सहकारी विपणन संघ के धान संग्रहण केंद्र का अवलोकन किया और उन्होने धान के रख-रखाव, साफ-सफाई एवं सुरक्षा आदि के बारे में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्री रोहित व्यास, लोरमी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चित्रकांत चार्ली ठाकुर, जिला खाद्य अधिकारी विमल दुबे, जिला विपणन अधिकारी शीतल भोई और नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक मुकेश दुबे भी उपस्थित थे।

गोठान में वृक्षारोपण

सक्ती/नवप्रदेश। नगर पालिका परिशद द्वारा 8 अगस्त को हरेली त्यौहार के पावन पर्व पर बीएसएनएल ऑफिस के पीछे प्रस्तावित गोठान में वृक्षारोपण किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रवीण सिंह गहलोत के दिषा निर्दोष पर सब इंजीनियर धरम लाल सिदार द्वारा नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ जाकर प्रस्तावित गोठान बीएसएनएल टावर के पास जाकर कदम का पौधा लगाया गया। धरम लाल सिदार ने बताया कि अगर हम वास्तव में जीवित रहना चाहते है और अच्छे तरीके से जीवनयापन करना चाहते है तो हम सबको अधिक से अधिक पौधा लगाना चाहिये। जिससे आक्सीजन की कमी न हो इसलिये पौधा लगाना अति आवष्यक है। कार्यक्रम में देवेष षर्मा, तुलसीराम धीवर, वेद जायसवाल, इब्राहिम खान, आरती यादव, रूखसार तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे।

हरेली तिहार के लिए गया था मुर्गा लेने मना किया तो कर दी हत्या

बिलासपुर/नवप्रदेश। हरेली तिहार मनाने के लिए मुर्गा लेने रात में युवक पोल्ट्री फार्म पहुंचा। रात में मुर्गा देने से मना किया तो पोल्ट्री फार्म संचालक और उसके बेटे के साथ मारपीट कर दी। मारपीट की इस घटना में बेटे की मौत हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जराहागांव थाना अंतर्गत ग्राम लोहरा कापा मे कोनी बिलासपुर निवासी दीपक कश्यप पोल्ट्री फार्म चलता है। जिसे ठरकपुर सीपत निवासी पंकज पटेल पिता राम प्रसाद पटेल उम्र 21 वर्ष राम प्रसाद पटेल पिता प्रीतम पटेल 48 वर्ष के द्वारा फार्म हाउस को किराए में लेकर संचालित किया जा रहा है। दोनों 7 अगस्त की रात में सोए हुए थे की रात लगभग 9:00 बजे गांव के दो युवक छोटू और बिकऊ हरेली पर्व मनाने के लिए मुर्गी लेने पहुंचे। राम प्रसाद ने दोनों से कहा कि कल सुबह आकर मुर्गा ले जाना अभी नहीं बन पाएगा। इस बात को लेकर दोनों के बीच गाली गलौज और विवाद करने लगे। जिस पर रामप्रसाद हाथ पकड़कर दोनों युवकों को बाहर करने लगा। इसी दौरान पास पड़े डंडे से दोनों युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। पिता को मार खाता देख पंकज पटेल जब बीच बचाव करने आया तब उसके साथ भी मारपीट की और सिर पर डंडे से वार कर दिया। जिससे मौके पर ही युवक की मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई, सूचना पर डीएसपी साधना सिंह, थाना प्रभारी भूपेंद्र चंद्रा एवं पुलिस स्टाफ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच कर रहे हैं।

सीएम की दौड़ से राज्य में हाई जैक मोड़ पर स्वास्थ्य सेवाएं

2 सौ करोड़ का सर्वसुविधायुक्त अस्पताल आज भी अधूरा, पूर्व मंत्री अग्रवाल ने लगाया आरोप

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहाल हैं, स्वास्थ्य विभाग पिछले ढाई वर्षो में हाईजैक मोड में रहा, सीएम के पद की भागदौड़ के चक्कर में लोकस्वास्थ के संवेदनशील विषयों पर भी सरकार संजीदा दिखाई नहीं देती । कोविद प्रबन्धन का मामला हो या महामारी उन्मूलन के लिए टीकाकरण का अभियान, छत्तीसगढ़ सरकार सतत और गुणवत्तापूर्ण लोक सुविधाएं और सेवाएं उपलब्ध कराने की बजाय प्रचार तंत्र के द्वारा ढिंढोरा पीटने वाली साबित हुई है।केंद्रीय स्वास्थ्य परियोजनाओ के समय पर निष्पादन में छत्तीसगढ़ सरकार नुक्ताचीनी करने का कार्य करती है।

खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के परिवार को शामिल कर स्वास्थ्य बीमा योजना चलाई जा रही है,योजना लाभ लोगो को नहो मिल पा रहा है। श्री अग्रवाल ने बताया क्षेत्र और प्रदेश के लोगों को स्थानीय स्तर पर सस्ते खर्च पर बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधा मिल सके इस हेतु उनकी परिकल्पना के आधार पर छत्तीसगढ़ का दूसरा मल्टीस्टोरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की सौगात केंद्र सरकार के द्वारा बिलासपुर को मिली।

200 करोड़ रुपए की इस परियोजना में 120 करोड़ रुपए केंद्र सरकार ?80 करोड़ राज्य सरकार द्वारा खर्च किया जाना है। भू माफिआओं से काबिज बिलासपुर शहर में सर्व सुविधा युक्त मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के लिए जमीन का चुनाव का सबसे बड़ी चुनौती थी। श्री अग्रवाल ने कहा इस हेतु उन्होंने एग्रीकल्चर और इंजीनियरिंग कॉलेज की जमीन का सर्वे कराया, कोनी में 50 एकड़ की जमीन का ड़ीमार्केशन कराया, राजस्व विभाग से भू आवंटन कराया, स्थल चयन के साथ ड्राइंग डिजाइन प्रस्ताव भारत सरकार के केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पारित कराया गया। पांच मंजिल से अधिक निर्माण कार्य के लिए अनुमति कराई गई। प्रथम किश्त जारी होते ही निर्माण कार्य आरंभ हुआ।

हाइवे में हादसा, चार ट्रक-ट्रेलर में लगी आग

जलकर हुए खाक, ट्रेलर के ड्राइवर की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। तेज रफ्तार ट्रेलर ने भोजपुरी टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़ी ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना से चार ट्रकों में आग लग गई तो ट्रेलर के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में 3 ट्रक पूरी तरह से जलकर खाक हो गया तो चौथी ट्रक का इंजन वाला हिस्सा जल गया।

जानकारी के अनुसार, भोजपुरी टोल प्लाजा पर रात को करीब दर्जनों ट्रक सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान ट्रेलर (सीजी 10 एजी 7157) के चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए सकड़ किनारे खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों ट्रक में आग लग गई।

देखते ही देखते तीसरे और चौथे ट्रक में भी आग लग गई। थोड़ी ही देर में आग ने पास खड़े चार अन्य ट्रकों को अपनी चपेट में ले लिया। हवा तेज चलने के कारण चारों गाड़ियां धू- धूकर जलने लगी। सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की लंबी लाइन लग गई। आनन- फानन में सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया।

निधन

लक्ष्मीनारायण केशरवानी

मुंगेली/नवप्रदेश। केशरवानी समाज एवं नगर के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक पूर्व सहायक जिला शाला निरीक्षक एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता, संस्थापक ट्रस्टी गायत्री शक्ति पीठ लक्ष्मीनारायण केशरवानी का 6 अगस्त को निधन हो गया। वे कुछ माह से अस्वस्थ चल रहे थे। वे पंकज मेडिकल के संचालक विवेक केशरवानी एवं पंकज इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक आलोक केशरवानी पिता थे। उनका अंतिम संस्कार खर्राघाट स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस अवसर पर सामाजिकजन एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

डीजल चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

बोलोरो गाड़ी में घूम घूम कर सड़क किनारे खड़े ट्रकों से करता था चोरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के बाहर हाइवे आउटर में खड़ी ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले एक गिरोह को हिर्री पुलिस ने पकड़ने में सफ्लता पाई।जहाँ उनके पास डीजल चोरी करने के लिए लाय गए समान सहित एक वाहन को जप्त कर सभी को हिरासत में ले लिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को तखतपुर से लाखासर होते एक बोलोरो जो बिना नम्बर की गाड़ी आ रही है जिसको पुलिस द्वारा ग्राम घेराबंदी कर रोकने का प्रयास किया गया लेकिन वह लोग भाग गए, भागते हुए वह लोग गाड़ी को वही खेत के गड्ढे में जाकर घुस गए और वाहन को छोड़ कर भागने का प्रयास कर रहे थे।

तो पुलिस टीम ने दोनो युवक को ग्रिफ्तार कर लिया।दोनो युवक से पूछताछ में मरवाही निवासी मनोज सिंह नेटी पिता परमेश्वर सिंह नेटी उम्र 25 वर्ष,राम शरण लोनी पिता रामलाल लोनी उम्र 27 वर्ष,दोनो के पास से डीजल चोरी करने प्लास्टिक की पाइप ,30 लीटर डीजल एक लोहे का सब्बल,9 खाली जेरीकेन का डब्बा एक बोलोरो गाड़ी जप्त कर हिरासत में लिया गया।वही इनसे पूछताछ में दोनो आरोपियों ने बताया कि ये लोग शहर के बाहर हाइवे में घूम घूम कर सड़क किनारे खड़ी ट्रक गाडियो से डीजल को चोरी करने का काम करते है।

बहतराई अटल आवास में मेयर यादव ने किया निरीक्षण

साफ-सफाई और स्ट्रीट लाइट लगाने के दिये निर्देश

बिलासपुर/नवप्रदेश। अटल आवास के रह रहें लोगो की लगातार नगर निगम विकास भवन के अधिकारियों के पास शिकायत आ रही थी पिछले दिनों उन्होने महापौर और आयुक्त के नाम ज्ञापन देकर बताया था कि अटल आवास में साफ-सफाई नहीं हो पा रही हैं। साथ ही यहां बिजली पानी की भी समस्या है। जिसके बाद महापौर रामशरण यादव और सभापति शेख नजीरूद्दीन बहतराई मौसम विभाग के कार्यालय और निखिल आश्राम स्थित अटल आवास का निरीक्षण करने पहुंचें यहां गोड़पारा के सफाई कर्मचारियों के वहां से हटाकर बसाया गया है। लोगो ने महापौर को समस्या बताते हुए कहा कि हमें शहर के बीच बसा दिजिए यहां साफ-सफाई नहीं हो पा रही है। महापौर ने कहा कि पूरे शहर की सफाई आप लोग करते है। ऐसे में अपने घरों के आस-पास की भी सफाई करें। जिसके बाद नगर निगम के सफाई विभाग के डॉ.ओंकार शर्मा को फोन कर जल्द ही यहां सफाई कर्मी भेज कर पूरे क्षेत्र में सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया साथ ही सब इंजिनीयर एसके मानिक से नाली जाम क्यो हो रही है। इसकी जानकारी ली तो पता चला कि नाली का पानी हाउसिंग बोर्ड के कॉलोनी प्रबंधन अपने ओर नहीं जाने दे रहें है। जिसके कारण पानी जमा हो रही है। ऐसे में महापौर यादव ने कहा कि उनकी कालोनी की पानी भी तो हमारे नगर निगम सीमा क्षेत्र के मुरूम खदन की ओर जाती है। यदि वो हमारे अटल आवास के नाली को जुड़ने नहीं दे रहें तो उनकी नाली का पानी भी नगर निगम सीमा में न जाने दो। इस संबंध में महापौर ने हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के प्रबंधन से बात कर नाली का पानी जोड़ आगे जाने दे इस संबंध में निर्देशित किया साथ ही लोगो ने महापौर को बताया कि हमारे क्षेत्र में स्टीट लाईट नहीं जलती जिसके कारण रात में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। महापौर रामशरण यादव ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तत्काल यहां के स्टीट लाईट को सुधारे ताकि लोगो की समस्या दूर हो सकें। इस दौरान एमआईसी अजय यादव, निगम अधिकारी पी.के.पंचायती, अजय श्रीवास्तव, एस.के. माणिक, अनिल वासु, आशीष पांडे, नरेंद्र चित्रकार नागौर, ठेकेदार सुशांत राय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित अटल आवास के लोग मौजूद रहें।

पारम्परिक त्यौहार किसानों ने की कृषि कार्यो में उपयोग आने वाले औजारों की पूजा

हरेली त्यौहार में लोगों का उत्साह नजर नहीं आया

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर सहित पूरे ग्रामीण अंचलों में मंगलवार को छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध त्यौहार हरेली बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व पर किसानों ने कृषि कार्यो में उपयोग आने वाले औजारों की पूजा के साथ-साथ जानवरों को खम्हार एवं अंडी के पत्तों में गेहूं आटा के लोंदी में नमक मिलाकर खिलाया और उनकी पूजा अर्चना किया तथा बैगा एवं यादवों ने सभी के घरो में जाकर दरवाजे पर नीम के डाले लगाये । इस करोना के चलते व कृषि कार्य पूर्ण नही होने की वजह से किसानों ने त्यौहार के नाम पर केवल औपचारिकताएं निभाई

क्षेत्र में हरेली का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया है। क्षेत्र में पानी की कमी के चलते किसानों के कृषि कार्य पूर्ण नही हो पाये है। हरेली का त्यौहार कृषको का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। त्यौहार के पूर्व तक रोपाई एवं बियासी का कार्य निपटा कर किसान अपने औजारों को साफ स्वच्छ कर पूजा पाठ करते है। क्षेत्र में पानी की लेट लतीफी के चलते किसानों के कृषि कार्य पूर्ण नही हो पाये है। जिसके चलते इस वर्ष हरेली के त्यौहार में उत्साह नजर नही आया हरेली त्यौहार पर बास का गेंड़ी बनाकर चढ़ने की परम्परा भी है। किन्तु क्षेत्र में इक्का दुक्का ही लोग गेंड़ी पर चढ़ते नजर आये इस त्यौहार के पुराने परम्पराएं विलुप्त होने के कगार पर है। चैक चैराहों में हरेली अमावस्या के दिन लोगों के द्वारा लगाई जाने वाली बाजी की परम्परा भी विलुप्त हो रही है।

त्यौहार पर नहीं लगे दाव

समय के परिवर्तन के साथ -साथ त्यौहारों का स्वरूप भी बदलता हुआ नजर आ रहा है। हरेली त्यौहार पर लोग दाव लगाते है। नारियल फेंकने सहित अन्य तरह-तरह के खेलों पर युवाओं के द्वारा लगाये जाने वाले इन दावों का स्वरूप भी बदला हुआ नजर आया। लोग ताश एवं चीटपट खेलते नजर आयें।

जगह-जगह होती रही शराब खोरी

हरेली त्यौहार पर ग्रामीणों ने परम्पराओं से हट कर नशापान करते है। इसी वजह से ग्रामीण क्षेत्रो सहित नगर के प्रमुख चैक चैराहो पर भी शराब पीकर घूमते नजर आये।

त्यौहार पर नगर बंद

हरेली त्यौहार पर नगर की अधिकांश दुकाने बंद रही चुकि यह जिला कृषि प्रधान है। यहां का व्यापार किसान पर आधारित है और किसानों का प्रमुख त्यौहार हरेली पर किसान अपने घरों में पूजा पाठ में व्यस्त नजर आये बाजारों में रौनकता नजर नही रही। इक्का दुक्का लोग ही सड़क पर नजर आयें।

दरवाजे पर नीम की डाल

हरेली त्यौहार पर प्राचीन परम्पराओं के अनुसार नीम की डाल लगाने की परम्परा है। पहटीया यादव एवं बैगा जाति के लोग किसानों के घरो में दरवाजे पर नीम की डाल लगाकर बदले में शेरसीधा (ईनाम) दिया जाता है। इसका वैज्ञानिक कारण भी है। मौसम बदलने के बाद ज्यादतर लोग मौसमी बीमारियों से पीड़ित रहते है। इनके बचाव के लिए नीम की डाल दरवाजे पर लगाने से बीमारियों से लड़ने में सार्थक होता है।

अनियमित कर्मचारियों का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन, राजधानी में जल समाधी से रोका

दीगर जिलों में ली गई जल समाधी

रायपुर/नवप्रदेश। नियमितीकरण को लेकर छत्तीसगढ़ के अनियमित कर्मचारियों में आक्रोश है,जो रविवार को आंदोलन के रूप में फूटा। राजधानी सहित प्रदेश क्ले सभी जिला मुख्यलयों में अनियमित कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी जगह सैकड़ों अनियमित कर्मचारियों की नाराजगी दिखाई दी।

पुलिस के साथ हुई झूमा झटकी

राजधानी रायपुर में नाराज अनियमित कर्मचारी बूढ़ातालाब धरना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में एकत्रित हुए। जहां पहले सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इसके बाद रैली के रूप में ये प्रदर्शनकारी बूढ़ा तालाब की ओर जल समाधि के लिए बढे। इस दौरान धरना स्थल पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने कर्मचारियों को कुछ दूर चलने के बाद पुलिस द्वारा लगाए बैरिकेट्स में रोक दिया गया। इस दौरान कर्मचारियों की पुलिस के साथ जमकर झड़प भी हुई,लेकिन ये इन प्रदर्शनकारियों को जल समाधि का मौका नहीं मिला।

जल समाधी लेने में कामयाब हुए ये कर्मचारी

राजधानी में अनियमित कर्मचारी जल समाधी लेने में कामयाब तो नहीं हुए लेकिन बलौदा बाजार जिला मुख्यालय मे कर्मचारियों ने जल समाधी लिया। इस दौरान सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे प्रदार्शनकारियों ने सरकार के खिलाफतख्ती लेकर जमकर तालाब में विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद जिला अनियमित कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा।

धरना देने के बाद जिला अनियमित कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष पप्पू वर्मा ने मीडिया कि पाँच सूत्रीय मांग काफी समय से लंबित है। पिछली सरकार की तरह वर्तमान सरकार भी वादाखिलाफी करती नजर आ रही है। उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी पर भी रोष जताया। साथ ही ठेकेदारी प्रथा को बंद करने की चेतावनी भी दी। संघ की माने तो आज के प्रदर्शन के बाद सांकेतिक तौर पर सभी कर्मचारी कार्यालय में काली पट्टी लगाकर काम करेंगे।

आगामी दिनों में करेंगे उग्र आंदोलन

कर्मचारियों ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि सरकार बनाने से पहले कांग्रेस ने अनियमित कर्मचारियों से वादा किया था कि सरकार में आते ही प्रदेश के कर्मचारियों को नियमित किया जाएगा। लेकिन ढाई साल बीत जाने के बाद भी सरकार इस ओर ध्यान नहीं दे रही है,जिससे कर्मचारियों को काफी दिक्क़ते हो रही हैं। उन्होंने सरकार की वादाखिलाफी पर आक्रोश जताते हुए चेतावनी भी दिया है। अनियमित कर्मचारियों ने आगामी दिनों में सरकार द्वारा मांग पूरी नहीं करने की दशा में उग्र आंदोलन करने की बात कही।

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री ने अपने निवास में केन्द्रीय मंत्री शेखावत का आत्मीय स्वागत किया

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां अपने निवास में भारत सरकार के जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। शेखावत जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री निवास पहुंचे थे। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविंद्र चौबे और मुख्य सचिव अमिताभ जैन भी उपस्थित थे।

मेकाहारा से डाक्टर का मोबाईल चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। मेकाहारा अस्पताल के सर्जरी ओपीडीह से डॉक्टर का मोबाईल किसी ने चोरी कर लिया। मामले की शिकायत मौदहापारा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार फेस 2 कल्पतरु हाउस 21 अमलीडीह राजेन्द्रनगर रायपुर निवासी डॉ. दीपाली अग्निहोत्री 24 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि वह अस्पताल रायपुर में पं.जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कालेज रायपुर मे एमबीबीएस इंटर्न के रूप में कार्यरत है। सर्जिरी ओपीडी न.52 मेकाहारा अस्पताल रायपुर में दिनांक 20/07/2021 को सुबह करीबन 10.00 बजे प्रार्थिया ओपीडी में ईलाज के लिए आने वाले मरीजों को देख रही थी कि उसी समय किसी काम से अपना मोबाईल आईफोन अनुमानित कीमत 2500 रुपये को टेबल पर रखकर कुछ देर के चली गई थी। वापस आने पर टेबल पर रखा मोबाईल नही मिला।

शादी से इंकार करने पर युवती ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

रायपुर/नवप्रदेश। प्रेम प्रसंग के मामले में प्रेमी द्वारा शादी से इंकार करने तथा मानसिक प्रताड़ना से तंग युवती ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले की शिकायत खम्हारडीह थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्रीन ग्लौरी के सामने आकाश शर्मा के मकान खम्हारडीह रायपुर निवासी प्रतिभा रत्नाकर 25 वर्ष पिता मनहरण लाल रत्नाकर ने अपने कमरे में 17 जुलाई 2021 को 1.23 बजे अज्ञात कारणो से आत्महत्या कर लिया। मामले की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में जुटी थी। जांच के दौरान मृतिका प्रतिभा रत्नाकर के माता-पिता तथा उसके रुम मेंट एवं अन्य लोगों से पता चला कि अनमोल टोप्पों निवासी बलरामपुर वाड्रफनगर बसंतपुर ने प्रार्थिया को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसका जीवन बरर्बाद करने के बाद शादी से इंकार कर दिया तथा मानसिकरुप से प्रताड़ित होने से वह फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी अनमोल टोप्पों के खिलाफ धारा 306 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

खाने को लेकर विवाद होने पर पति ने पत्नी की हत्या कर दी, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से लगे खुडमुडा गांव में खाने को लेकर विवाद होने पर पति ने पत्नी की हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपित पति खारुन सोनकर अपनी पत्नी को लेकर पहले खेत गया और वहां ले जाकर उसने पत्नी का गला दबा दिया। मामला अमलेश्वर थाना इलाके का है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है।

एटीएम का शटर तोड़कर 7 हजार की चोरी, अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। एटीएम का शटर तोड़कर 7 हजार रुपये की चोरी कर लेने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार गंजानंद परिसर हर्षित टॉवर टाटीबंध निवासी रोशन चंद्रकांत 39 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि सीनियर एग्जिकेटिव के पद पर एफआई एस पेमेंट सोल्युशन एंड सर्विसेज इंडिया प्रा0लि0 में पदस्थ है। कंपनी एफआई एस पेमेंट साल्युशन एंड सर्विसेज इंडिया प्रा0लि0 पता त्रितिय मंजिल फेयर मांट बिल्डिंग हीरानंदानी बिजनेस पार्क पवई मुम्बई 400076 द्वारा लगाया गया है। रायपुर बुढापारा स्थित पंजाब नेशनल बैंक एटीएम में तोडफोड एवं चोरी की सूचना मिली है दिनांक 02/08/2021 को कैश लोडिंग कंपनी द्वारा एटीएम में 7000रूपये एवं एटीएम पार्ट्स कैश शटर, प्रेसेंटर में तोडफोड की एवं चोरी की जानकारी देने पर उपरोक्त तोडफोड एवं अज्ञात चोर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करायी गई है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से पर्वतारोही नैना धाकड़ ने की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज यहां उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ की युवा पर्वतारोही सु नैना धाकड़ ने मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को माउंड एवरेस्ट एवं माउंट लौहत्से फ्तह के संबंध में जानकारी दी। सु नैना धाकड़ ने बताया कि माउंट एवरेस्ट की ऊंचाई 8848.86 मीटर एवं माउंट लौहत्से की ऊंचाई 8516 मीटर है। इन दोनों चोटियों को फ्तह करने के बाद वहां उन्होंने देश का झण्डा फ्हराने के साथ ही 'आमचो बस्तर' का लोगों लगाया। सु नैना धाकड़ ने मुख्यमंत्री को दोनों चोटियों की चढ़ाई और वहां के दृश्य का वीडियो क्लिप भी दिखाया। मुख्यमंत्री ने सु नैना धाकड़ को एवरेस्ट फ्तह करने पर बधाई और शुभकामनाएं दी और कहा कि आपने छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है।

गौठान गांवों में एक नये शक्ति केन्द्र के रूप में हो रहे विकसित : सीएम बघेल

- गोधन न्याय योजना से किसानों, पशुपालकों और महिलाओं को मिली नई ताकत
- मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना के तहत 7.86 करोड़ रूपए की राशि का किया अंतरण

एक वर्ष में 98 करोड़ से अधिक की गोबर खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज हरेली पर्व के मौके पर गोधन न्याय योजना के तहत किसानों, पशुपालकों, गौठान समिति और स्व सहायता समूह की महिलाओं को 7 करोड़ 86 लाख रूपए की राशि का अंतरण किया और सभी लोगों को हरेली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि साल भर पहले आज के दिन ही छत्तीसगढ़ में गौधन न्याय योजना की शुरूआत हुई थी और हमने दो रूपए किलो में गौठानों में गोबर खरीदी प्रारंभ की, तब किसी ने सोचा नहीं था कि इस योजना से गांवों में इतना बड़ा बदलाव आने वाला है। एक साल में इस योजना से जो चमत्कार हुए हैं, उसे पूरा देश देख रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोधन न्याय योजना से हमारे किसानों, पशुपालकों, माताओं-बहनों को नई ताकत मिली है, उन्हें आमदानी और रोजगार का जरिया मिला है। गोधन न्याय योजना के अंतर्गत एक वर्ष में हुई गोबर खरीदी के एवज में किसानों एवं पशुपालकों को 98 करोड़ 8 लाख राशि का भुगतान किया गया है।

गोधन न्याय योजना के तहत राशि अंतरण का यह वर्चुअल कार्यक्रम मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में हुआ। इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिव कुमार डहरिया, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.एम.गीता, विशेष सचिव कृषि डॉ.एस.भारतीदासन, संचालक कृषि श्री यशवंत कुमार, संचालक उद्यानिकी एवं पशुपालन श्री माथेश्वरन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आगे कहा कि गौठान धीरे-धीरे स्वावलंबन की ओर बढ़ रहे हैं। आज हमारे गौठान गांव में नये शक्ति केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे हैं। इन गौठानों से किसानों को नई ताकत मिल रही है। खेती और पशुपालन मजबूत हो रहा है। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट के साथ-साथ अन्य सामग्रियों का उत्पादन भी हो रहा है। गोधन न्याय योजना ने एक वर्ष की अवधि में हमें महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने के करीब पहुंचा दिया है।

इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे ने सभी लोगों को हरेली पर्व की बधाई दी और कहा कि गोधन न्याय योजना के शुरूआती दौर में लोगों ने इसको लेकर कई तरह की बातें कहीं थीं। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की बेहद खुशी है कि इस योजना की चर्चा पूरे देश में हो रही है।

उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को बधाई दी और कहा कि गौठान और गोधन के जरिए गांव में एक लाख एकड़ जमीन सुरक्षित हुई है।

कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ.एम.गीता ने पॉवर पाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी।

छग का पहला त्यौहार हरेली धूमधाम से मनाया गया

- कृषि यंत्रों एवं बैल जोड़ी की पूजा कर किसान मना रहे हरेली का पर्व

रायपुर/नवप्रदेश। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन शुक्ला पक्ष की अमावस्या तिथि के अवसर पर रायपुर सहित प्रदेश में छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली धूमधाम से मनाया जा रहा है। कृषि प्रधान राज्य होने के कारण हरेली का ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष महत्व है। आज के दिन किसान अपने कृषि यंत्रों के साथ पशुओं की पूजा कर विधिवत भोग लगाकर पूरे परिवार के साथ धूमधाम से पर्व मनाते हैं। लोक संस्कृति के अनुसार आज के दिन गेड़ी में चढ़कर गांव में भ्रमण करने का भी रिवाज है। प्रदेश में समाचार लिखे जाने तक बच्चों की टोलियां अपने-ग्रामों में मुख्यमार्ग एवं गलियों में प्रसन्नतापूर्वक हरेली पर्व मना रही हैं। पूरे छत्तीसगढ अंचल में हरेली श्रावण मास में मनाया जाने वाला त्यौहार है। ग्रामीण बड़ी धूमधाम से इस दिन हरेली को मनाते हैं। किसान इस दिन अपने मवेशियों और कृषि यंत्रो की पुजा करते हैं और ग्रामीण जन गोठान जाते हैं। सुबह के समय अपने साथ थाली में चावल, मिर्च और नमक चरवाहे के लिए ले जाते हैं। उसी के साथ गुथा हुआ आटा और खम्हार पान ले जाते हैं। उस गुथे हुए आटे की गोली बनाकर खम्हार पान(पान=पत्र) के बीच रख हल्का बांध देते हैं फिर अपने गाय, बैल, भैंस को खिलाते हैं। घर वापस लौटते समय चरवाहों द्वारा सुदुर जंगल से लायी हुई वनौषधि को अच्छे से साफकर एक मिट्टी के घड़े लेकर पानी में उबालकर रातभर औषधि का काढा तैयार करते हैं।

गांव में ही एक पारंपरिक वैद्य यानी बैगा होता है जो हरेली के दिन गांव के सभी घरों में जाकर नीम और भल्लातक की टहनियाँ पत्तों के साथ घर के प्रमुख द्वार और आँगन में लगाते हैं।

भाजपा सिर्फ चुनाव और वोटों की राजनीति करती है

- आम लोगों के दुख दर्द और तकलीफ से भाजपा का नहीं कोई सरोकार
- कोरोना को लेकर भाजपा की स्वयं सेवक नियुक्ति ढकोसला और दिखावा मात्र

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि भाजपा केवल चुनाव और वोटो की राजनीति करती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि कोरोना को लेकर भाजपा की स्वयं सेवक नियुक्ति ढकोसला और दिखावा मात्र है। भाजपा द्वारा घोषित कोविड की तीसरी लहर से लड़ने के लिये स्वयंसेवक बनाने के बनावटी कार्यक्रम से यह स्पष्ट हो गया है। भाजपा का यह कार्यक्रम इसका जीता जागता सबूत है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पूछा है कि भाजपा द्वारा कोविड कोविड की पहली लहर और दूसरी लहर के समय भी बीजेपी की ये संवेदना कहां सोयी पड़ी थी? जब रेम्सडीविर की शार्टेज हो रही थी, छत्तीसगढ़ सरकार के दो आई.ए.एस. ऑफिसर मुंबई और हैदाराबाद भेज के रेम्सडीविर की सप्लाई सुनिश्चित करनी पड़ी, तब भाजपा की ये संवेदना कहां सोयी पड़ी थी? जब छत्तीसगढ़ को युवाओं के टीकाकरण के लिये ही पर्याप्त टीके नही मिल रहे हैं और केन्द्र सरकार द्वारा पर्याप्त मात्रा में टीका नही दिये जाने के कारण सिर्फ 2 प्रतिशत युवाओं का टीकाकरण हो पाया है। इसमें भाजपा की संवेदना क्यों नही जागती? दरअसल भाजपा सिर्फ और सिर्फ फोटोजीवी पार्टी बनकर रह गयी है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि आज जब कोविड पर छत्तीसगढ़ सरकार ने, भूपेश बघेल की सरकार ने अपने प्रयत्नों से नियंत्रण पाया हैं, स्थिति बेहतर होते दिख रही है। स्कूल खुल गये है, व्यापार, व्यवसाय सामान्य हो गया हैं तो अब भाजपा कोविड के लिये स्वयंसेवक नियुक्ति कर जनता के साथ खड़े होने का दिखावा मात्र कर रही हैं। इसके पहले तक भाजपा की यह संवेदना क्यों नही जागी थी? दरअसल भाजपा संवेदनहीन और मतलबी पार्टी है। भाजपा को सिर्फ लोगो के वोट चाहिये। भाजपा का लोगो से उनके दुख दर्द और तकलीफ से कोई सरोकार नही है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि जब-जब कोरोना लहर आयी, उस समय छत्तीसगढ़ की सरकार ने छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के लोगों ने मजदूरों को जो प्रवासी मजदूर थे जो छत्तीसगढ़ के नहीं भी थे, नंगेपांव सैकड़ों हजारों किलोमीटर यात्रा करके आ रहे उन सभी मजदूरों को जूते देने का काम किया। भूखे-प्यासे, थके लोगों के लिये पके हुये भोजन की व्यवस्था की।

राज्यपाल, मुख्यमंत्री और स्पीकर ने प्रदेशवासियों को दी विश्व आदिवासी दिवस की शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस आबादी के अधिकारों को बढ़ावा देने और उनकी सुरक्षा के लिए आज ही के दिन यानी 9 अगस्त को प्रति वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल अनुसुईया उइके ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर देश और प्रदेश के आदिवासी समाज एवं समस्त नागरिकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ देश के उन प्रदेशों में शामिल है, जहां पर करीब 32 प्रतिशत आदिवासी निवासरत हैं, जो अनेकों परम्पराओं को संजोए हुए हैं। इनकी संस्कृति और परम्पराएं अनूठी है। राज्यपाल ने कहा कि इतिहास गवाह है कि समय आने पर वे देश की रक्षा के लिए आक्रमणकारियों के खिलाफ उठ खड़े हुए और बलिदान भी दिया। इस अवसर पर मैं उन्हें नमन करती हूं।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस पर प्रदेशवासियों विशेषकर आदिवासी समाज के लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि जनजातियों की प्राचीन कला और संस्कृति छत्तीसगढ़ की अनमोल धरोहर है। राज्य सरकार आदिवासियों की प्राचीनतम परंपरा, संस्कृति और जीवन मूल्यों को सहेजते हुए उनके विकास के लिए लगातार प्रयास कर रही है। सीएम बघेल ने कहा कि जनजातियों के विकास और हित को ध्यान में रखते हुए हमारी सरकार ने बीते ढाई साल में कई अहम फैसले लिये हैं। लोहंडीगुड़ा में आदिवासियों की जमीन की वापसी, जेलों में बंद आदिवासियों के मामलों की समीक्षा, जिला खनिज न्यास के पैसों से आदिवासियों के जीवन स्तर में सुधार, बस्तर और सरगुजा में कर्मचारी चयन बोर्ड की स्थापना, हाट बाजारों तक स्वास्थ्य सुविधाओं को पहुंचाने जैसे कई प्रयास आदिवासी समाज की बेहतरी के लिए किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विश्व आदिवासी दिवस पर सामान्य अवकाश घोषित किया है। प्रदेश में पहली बार राष्ट्रीय आदिवासी महोत्सव का आयोजन राजधानी रायपुर में किया गया।

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत ने भी प्रदेशवासियों को विश्व आदिवासी दिवस पर बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, पुरे विश्व में आदिवासी जनजाति को बढ़ावा देने और उनको प्रोत्साहित करने के लिए और उनको सम्मान देने के लिए पूरे विश्व में 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाया जाता हैं। डॉ महंत ने कहा कि, दुनिया भर में रहने वाली पूरी आबादी के मौलिक अधिकारों और उनके सामाजिक, आर्थिक और न्यायिक संरक्षण का विपणन करने के लिए मनाया जाता है। विश्व आदिवासी दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को इसके प्रति जागरूक करना है।

संघर्ष मुख्यमंत्री को कंडील भेंट करने निकले जोगी युवा मोर्चा को पुलिस ने रोका

लालटेन और चिमनी लेकर सरकार विरोधी नारे लगाए

- बिजली बिल दर वृद्धि के विरोध में जोगी युवा मोर्चा ने निकाला कंडील मार्च
- बिजली बिल दरों की नई नीति जनविरोधी

रायपुर/नवप्रदेश। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमीत जोगी निर्देशानुसार अजीत जोगी युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू के नेतृत्व में संध्या 6 बजे सैकड़ों जोगी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कंडील मार्च निकालकर मुख्यमंत्री को कंडील भेंट करने के लिए निकल पड़े जिसे पुलिस ने जोगी निवास के आगे मजार चौक पर रोक लिया। इस दौरान जोगी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सरकार के द्वारा बढ़ी हुई बिजली की दरों को वापस लेने के लिए सरकार विरोधी नारा लगाए, नई बिजली नीति को वापस नहीं लेने पर उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने कहा सरकार की नई बिजली नीति उद्योग पतियों को फायदा पहुंचाने के लिए उनको रोशनी देकर गरीबों को अंधेरे में रखने के लिए बनाई गई है, जिसका जनता कांग्रेस पुरजोर विरोध करती है

प्रदीप साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य नियामक आयोग के द्वारा राज्य में बिजली की औसत दरों में 6 प्रतिशत प्रति यूनिट औसत 48 पैसे बढ़ाने का निर्णय आम जनता के साथ विश्वाघात है, सरकार का यह फैसला जनविरोधी है और आम जनता के साथ अन्याय है।

साहू ने बताया की कांग्रेस सरकार सीधे-सीधे जनता को लूटने में लगी है। कोविड-19 के दौर में जब लोग आर्थिक रूप से परेशान हैं,लोगों को काम नहीं मिल पा रहा है। व्यवसाय व व्यापार की हालत चिंताजनक है। ऐसे समय में 6 प्रतिशत विद्युत दरों में वृद्धि प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है।

आज के कंडील मार्च में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के प्रदेश महासचिव - अश्वनी यदु जी,अजीत जोगी छात्र संगठन प्रदेश अध्यक्ष-रवि चंद्रवंशी जी,रायपुर संभाग अध्यक्ष-जितेंद्र बंजारे जी, पिछड़ा वर्ग विभाग प्रदेश अध्यक्ष संदीप यदु बलौदाबाजार जिलाध्यक्ष-तरुण वर्मा जी,युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष-अजय भारती,अजीत जोगी युवा मोर्चा रायपुर जिलाध्यक्ष-अजय देवांगन, अजीत जोगी युवा मोर्चा लोकसभा अध्यक्ष सौरभ पांडे कृष्णा आजाद, युवराज साहू, पप्पू धृतलहरे, दिलहरन पटेल, अजय मानिकपुरी, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर वर्मा, चिन्टू वर्मा, चरण, राहुल सोनी, प्रज्ज्वल जिलाध्यक्ष रजीत वर्मा, चेतन वर्मा, मुकेश चंद्राकर आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

राज्यपाल ने हरेली पर प्रदेशवासियों को दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने हरेली पर्व के अवसर पर छत्तीसगढ़वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल सुश्री उइके ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार का विशेष महत्व है। इस पर्व पर किसान अपने कृषि उपकरणों और कृषि कार्य में सहयोग करने वाले पशुओं की पूजा-अर्चना कर अच्छे फसल की कामना की जाती है। राज्यपाल ने इस अवसर पर किसानों सहित प्रदेश के सभी नागरिकों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की है।



संपादकीय

ओलंपिक में भारत का डंका

टोक्यो ओलंपिक में पहली बार भारत ने एक स्वर्ण पदक सहित सात पदक जीतकर नया इतिहास रच है। ओलंपिक में पहली बार एथलेटिक्स में भारतीय खिलाड़ी निरज चोपड़ा ने भाला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर हम सब भारतीयों का भाल गर्व से ऊंचा कर दिया है। भारतीय पुरूष हॉकि टीम ने भी चार दशकों के बाद कांस्य पदक ही सही लेकिन पदक जीतने में सफलता हासिल की है। पहली बार भारतीय महिला हॉकी टीम सेमिफाइनल तक का सफर तय करने में कामयाब हुई है। बैडमिंटन खिलाड़ी पी.वी. सिंधू ने भी लगातार दो ओलंपिक में पदक हासिल करके नया कीर्तिमान रचा है। मीराबाई, लवलीना, बजरंग पुनिया और रवि दहिया ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत को पदक दिलाया है। भारत के इन बेटे बेटियों पर पुरे देश को गर्व है। गौरतलब है कि पिछले लंदन ओलंपिक में भारत ने छह पदक जीते थे। इस बार भारत ने पदकों की संख्या बड़ाकर सात कर ली है और इसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल हो गया है। जो हमें निरज चोपड़ा ने दिलाया है। स्व. मिल्खा सिंह की यह दिली ख्वाहिश थी कि भारत का कोई खिलाड़ी एथलेटिक्स भारत को स्वर्ण पदक दिलाए। उनकी यह इच्छा निरज चोपड़ा ने पुरी की है और उन्होंने अपना यह स्वर्ण पदक स्व. मिल्खा सिंह को ही समर्पित किया है। भारतीय खिलाड़ियों ने इस ओलंपिक में निश्चित रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। भारत के कम से कम चार और खिलाड़ी पदक के करीब पहुंच गए थे। किन्तु उन्हें चौथे या पांचवे स्थान पर ही संतोष करना पड़ा। निश्चित रूप से भारतीय खेलों को सरकार इसी तरह प्रोत्साहन देगी और खिलाड़ियों की हौसला अफजाइ करेगी तो अगले ओलंपिक में भारत का नाम पदक तालिका में और उपर नजर आएगा। खास तौर पर भारतीय पुरूष हॉकी टीम और भारतीय महिला हॉकी टीम निश्चित रूप से स्वर्ण पदक हासिल करने में सफल होंगी। हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है और एक जमाने में हॉकी खेल में भारत की तुती बोला करती थी। मेजर ध्यानचंद जिन्हें हॉकी का जादूगर कहा जाता है उन्होंने लगातार तीन ओलंपिक में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया था। भारत का यह गौरव एक बार फिर लौटता नजर आ रहा है। केन्द्र सरकार इस बात के लिए बधाई की पात्र है कि उसने खेलों के सर्वोच्च सम्मान का नाम अब मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार कर दिया है। निश्चित रूप से इससे खिलाड़ियों का न सिर्फ हौसला बड़ेगा बल्कि उन्हें प्रेरणा भी मिलेगी। भारत ने प्रतिभाओं का अकाल नहीं है। बस आवश्यकता इस बात की है कि उन प्रतिभाओं को तलाशा जाए और तराशा जाए और उन्हें अनुकूल वार्तावरण उपलब्ध कराया जाए। यदि ऐसा किया गया तो आने वाले ओलंपिक में भारत का डंका और ज्यादा जोर से बजेगा।

ड्रग्स के मकड़जाल में फंसता युवा

रवि कुमार

> आखिर नशाबंदी के उपाय क्या है? हमें ध्यान देना होगा, कोई भी युवा घर में देर रात्रि से प्रवेश क्यों रहा है? और उसके मुंह से किसी प्रकार की बदबू या उसकी चाल ढाल में कोई परिवर्तन तो नहीं आया है। या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ आना जाना तो नहीं हैं जो नशे जैसे व्यसनों में लिप्त रहता है। अगर इस तरह की गतिविधियों में युवा शामिल हैं तो उसकी काउंसलिंग तत्काल करवाई जाए। उन्हें इन सब चीजों से दूर रहने का सुझाव देकर उन पर पैनी नज़र रखी जाए। जिस तरह बिहार , गुजरात ,त्रिपुरा ,मिजोरम के मुख्यमंत्रियों ने नशे से होने वाले राजस्व की भरपाई की चिंता न करके शराब जैसे नशीले पदार्थ को बंद करके कल्याणकारी कार्य किया है। मध्य प्रदेश सरकार अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर लगाम लगाने के लिए बड़ा फैसला लेने जा रही है। एमपी कैबिनेट आबकारी कानून में बदलाव कर अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफमौत की सजा या 50 लाख रुपए के जुर्माने के प्रावधान को मंजूरी दे सकती है।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी मानते थे , शराब आत्मा और शरीर दोनों का पतन करती है । यूं तो मनुष्य नशीले पदार्थ जैसे शराब, भांग इत्यादि का सेवन हज़ारों सालों से करता आ रहा है, लेकिन जैसे-जैसे विज्ञान ने प्रगति की है, वैसे-वैसे नए-नए और भी नशीले पदार्थ बाजार में आ गए। अफीम, चरस, गांजा, कोकीन, हेरोइन, बाथ साल्ट्स, एक्सटेसी, कैनाबिनोइड्स, अम्फेटमिन्स इन नशीले पदार्थों की ही श्रेणी में शामिल हैं। ये सभी पदार्थ सेहत के लिए अत्यंत हानिकारक है। नशा समाज में अपराध, गरीबी, बेरोजगारी,भुखमरी जैसी समस्याओं को जन्म देने के साथ-साथ प्राणी को हिंसक प्रवृत्ति की ओर ले जाता है। शिक्षक, धर्मगुरुओं, अभिभावकों, एनजीओ आदि भी नशाखोरी रोकने में एक बड़ी और सकारात्मक भूमिका अदा कर सकते हैं।

जहन में ये सवाल कौंधते हैं, युवाओं में नशाखोरी का सबब क्या है ? नशीले पदार्थों का सेवन अपने आपको आल इज़ वेल महसूस करता है। जो व्यक्ति अवसाद की चरम सीमा पर होते हैं, तो ऐसे एडिक्टेड युवा मादक पदार्थों के सेवन की ओर अग्रसर होते हैं। अक्सर देखा जाता है, कॉलेज, स्कूल और खेलकूद प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन को उत्कृष्ट करने के लिए नौजवान विशेष प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं। दोस्तों के कहने पर भी युवा नशाखोरी की गिरफ्त में आ जाते हैं। मां - बाप और घर की बेरुखी मिलना भी एक वजह हो सकती हैं। सिनेमा और विदेशी चैनल, इंटरनेट की अश्लील सामग्री का प्रभाव भी नशाखोरी की लत हो सकता है। नशेड़ियों के चंगुल में फंस जाने से भी व्यक्ति को नशाखोरी की आदत पड़ सकती है। इस भयावह मंजर के लिए आखिर जिम्मेदार कौन हैं ? युवा पीढ़ी आजकल पाश्चात्य संस्कृति की ओर अग्रसर है,जबकि पश्चिम के देशों में नशीले पदार्थों का बेइंतहा सेवन होता है। आप यह जान कर चौकेंगे देश-विदेश के नामचीन चहेरे नशीले पदार्थो के सेवन में लिप्त हैं। यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम - 2019 की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका में 3,82,000 किलो, थाईलैंड में 1,68,484 किलो ,मेक्सिको में 1,47,902 किलो और सऊदी अरबिया मैं 70,663 किलो ड्रग्स की बरामदगी की गई थी। राष्ट्रीय अपराध

रिकॉर्ड ब्यूरो 2015 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में असम, पंजाब, कर्नाटक, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, केरल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरीखे सूबों से समय - समय पर चरस 14,554 किलो, अफीम 1,51,059 किलो, हेरोइन 2505 किलो, गांजा 3,08,939 किलो और एलएसडी 73,117 किलो की बड़ी खेप छापेमारी मे बरामद हुई हैं।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े तो और भी चौंकाते हैं। नशे के सेवन से बड़ी-बड़ी हस्तियों ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर चुके हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार 2019 में भारत में 7,790 लोगों ने नशीले पदार्थों का सेवन कर अपनी जान गवां दी। आंकड़ों की तुलनात्मक स्टडी बताती है, यह आंकड़ा साल दर साल बढ़ रहा हैं। ताज़ा उदाहरण के तौर पर बॉलीवुड के स्टार सुशांत सिंह राजपूत सुसाइड केस के बाद नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो ने इस तरह की गतिविधयों में लिप्त और छोटी से लेकर बड़ी हस्तियों के नाम उजगार किए हैं। ये अभी इन्वेस्टीगेशन के दायरे में हैं।

हम अपने आसपास देखते हैं, समाज में चुनिंदा लोगों का दो वक्त की रोटी का भी प्रबंध करना मुश्किल हो जाता है। इसका मुख्य कारण परिवारजनों का नशाखोरी में लिप्त होना होता हैं। कड़वा सच यह है, कमाई का एक बड़ा हिस्सा नशाखोरी में बर्बाद हो जाता हैं। यूं तो अथक प्रयास के बाद धन की भरपाई संभव है, लेकिन सेहत की रिकवरी असंभव हो जाती है। यदि घर में किसी को नशे की आदत हो जाए तो इसका कुप्रभाव घर के दीगर सदस्यों पर भी पड़ता है। नशेखोरी की वजह से कई परिवारों को टूटते हुए भी देखा जाता हैं। ऐसे ड्रग्स एडिक्टेड लोग अपने परिवार के बाकी सदस्यों पर वार करने से भी नहीं चूकते हैं। नाशापूर्ति करने के लिए व्यक्ति परिजनों के पर्स या तिजोरी से पैसे चुरा लेते हैं। दोस्तों और रिश्तेदारों से भी उधार मांगने पर भी नहीं हिचकते है । आखिर नशाबंदी के उपाय क्या है? हमें ध्यान देना होगा, कोई भी युवा घर में देर रात्रि से प्रवेश क्यों रहा है? और उसके मुंह से किसी प्रकार की बदबू या उसकी चाल ढाल में कोई परिवर्तन तो नहीं आया है। या किसी ऐसे व्यक्ति के साथ आना जाना तो नहीं हैं जो नशे जैसे व्यसनों में लिप्त रहता है। अगर इस तरह की गतिविधियों में युवा शामिल हैं तो उसकी काउंसलिंग तत्काल करवाई जाए। उन्हें इन सब चीजों से दूर रहने का सुझाव देकर उन पर पैनी नज़र रखी जाए। जिस तरह बिहार , गुजरात ,त्रिपुरा ,मिजोरम के मुख्यमंत्रियों ने नशे से होने वाले राजस्व की भरपाई की चिंता न करके शराब जैसे नशीले पदार्थ को बंद करके कल्याणकारी कार्य किया है।

मध्य प्रदेश सरकार अवैध शराब का कारोबार करने वालों पर लगाम लगाने के लिए बड़ा फैसला लेने जा रही है। एमपी कैबिनेट आबकारी कानून में बदलाव कर अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफमौत की सजा या 50 लाख रुपए के जुर्माने के प्रावधान को मंजूरी दे सकती है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से भी निवेदन है , वह भी सभी प्रकार के नशीले पदार्थों पर पूरी तरह से पाबन्दी लगाए। इस तरह के पदार्थों की तस्करी में लिप्त लोगों को सख्त से सख्त सजा देने का कानून बनाए। 7 दिसंबर, 1987 को यूनाइटेड नेशंस ऑफिस ऑन ड्रग्स एंड क्राइम की महासभा ने 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया, जिसका मुख्य मकसद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समाज को नशा मुक्त बनाना हैं। अंततः जब तक सरकार और समाज नशाखोरी के प्रति कठोर कदम नहीं उठाएंगे, तब तक नशेखोरी से मुक्ति नहीं मिलगी। **(लेखक प्रतिष्ठित प्राइवेट यूनिवर्सिटी में फॉरेंसिक विभाग के एचओडी हैं।)**

विचार

शादियों में मजहब का अड़ंगा?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने भारत के मुसलमानों के नाम आज एक अपील जारी करके कहा है कि वे किसी गैर-मुस्लिम से शादी न करें। यदि वह ऐसा करते हैं तो यह बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण होगा। बोर्ड का पूरा सम्मान करते हुए मैं कहना चाहता हूं कि यदि देश में अंतरधार्मिक, अंतरजातीय और अंतरभाषिक शादियों की बाढ़ आ जाए तो यह देश हिमालय से अधिक सुदृढ़ बन जाएगा। मैं तो वह दिन देखना चाहता हूं कि ऐसी शादियों की संख्या देश में हर साल कम से कम एक करोड़ जरुर हो जाए। प्रेम-सगाई से बड़ी दुनिया में कोई सगाई नहीं हो सकती। उससे बड़ा कोई धर्म-विवाह नहीं हो सकता। यदि भारत में ऐसी शादियों की संख्या बढ़ जाए तो सबसे बड़ा खतरा उन नेताओं के लिए पैदा हो जाएगा, जिनकी राजनीति का आधार सांप्रदायिकता, जातिवाद, प्रांतवाद आदि बना हुआ है। ऐसे नेताओं और पार्टियों को अपनी दुकानें समेटनी पड़ जाएंगी। इसके अलावा मिश्रित धर्मों और जातियों के लोगों के लिए आरक्षण की पोंगापंथी परंपरा अप्रासंगिक हो जाएगी। ऐसे परिवारों में पैदा हुए बच्चे अपने माता-पिता के धर्मों की अच्छी-अच्छी बातें स्वीकार करेंगे और वे उन धर्मों की गई-गुजरी तथा तर्कहीन परंपराओं का परित्याग कर सकेंगे। वे अंधविश्वास की बेड़ियों में जकड़े नहीं रहेंगे। इतना ही नहीं, जिन देशों में अब भी आम लोगों पर मजहबों का नशा चढ़ा रहता है, उनमें ऐसे लोगों की संख्या बढ़ेगी, जो दूसरे मजहबों के लोगों के प्रति उदार होंगे। दूसरे शब्दों में धार्मिक साहिष्णुता अपने आप बढ़ेगी। सभी मजहबों के धर्मग्रंथ आप देख डालिए। किसी भी धर्मग्रंथ में आपको यह लिखा नहीं मिलेगा कि आप किस धर्म वाले से शादी करें और किस से न करें? ये धर्मग्रंथ ईश्वर ने बनाए हैं तो वह ईश्वर या अल्लाह ही क्या है, जो अपने बंदों में भेदभाव करे? यों भी वेदों के काल में सिर्फ आर्य थे। यहूदी, बौद्ध, जैन, ईसाई और मुसलमान नहीं थे। ओल्ड टेस्टामेंट के जमाने में पृथ्वी पर कोई ईसाई या मुसलमान भी नहीं था। बाइबिल के जमाने में कोई मुसलमान नहीं था और कुरान जब आई तब अरब देश में कोई हिंदू या सिख भी नहीं था। इसीलिए धर्म के आधार पर किसी के साथ शादी में परहेज़ की बात बिल्कुल बनावटी लगती है। हां, यदि सिर्फ धर्म-परिवर्तन के इरादे से कोई शादी की जाती है या भय, लालच, ठगी उसके पीछे है तो वह बिल्कुल अनैतिक है।

जब हिल उठी थी अंग्रेजों की सरकार

रमेश सर्राफ

> हमारे देश को अंग्रेजो की गुलामी से तो आजाद हुये काफी साल हो गये। मगर देश आज भी भ्रष्टाचार, भेदभाव, जातिवाद की गुलामी में जकड़ा हुआ है। देश में भ्रष्टाचार, जातिवाद का जहर लोगो की रग-रग में बस चुका है। भ्रष्टाचार के चलते देश के लोगों में अलगाववाद, आंतकवाद, साम्प्रदायिकता, विघटनकारी भावना घर कर गयी है। जो देश की तरक्की की राह में एक बड़ी रूकावट बन चुकी है। जब तक देश में भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लग पायेगी तब तक देश विकाश पथ पर समुचित गति से आगे नहीं बढ़ पायेगा। भारत छोड़ो आंदोलन की ही तरह एक बार देश की जनता को नये सिरे से एकजुट होकर भ्रष्टाचार मिटाओ देश बचावो आन्दोलन चलाना होगा तभी देश सही मायने में आजाद हो पायेगा।

अंग्रेजों भारत छोड़ो के नारे के साथ 9 अगस्त 1942 को महात्मा गांधी के आह्वान पर शुरू हुए आंदोलन ने अंग्रेजी हुकूमत की नींव हिलाने का काम किया था। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में निर्णायक भूमिका निभाने वाले इस आंदोलन में पूरे देश के लोगों की व्यापक भागीदारी रही थी। इस आंदोलन ने देखते ही देखते ऐसा रूप ले लिया था कि अंग्रेजी सत्ता को दमन के सभी उपाय नाकाफी साबित होने लगे थे। क्रिप्स मिशन की विफलता के बाद गांधीजी ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ अपना तीसरा बड़ा आंदोलन छेडने का फैसला लिया था। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन के शुरू होने के कुछ समय बाद ही गांधीजी को गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ताओं ने हड़तालों और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन को जिंदा रखा।

9 अगस्त 1942 को दिन निकलने से पहले ही कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सभी सदस्य गिरफ्तार हो चुके थे और कांग्रेस को गैरकानूनी संस्था घोषित कर दिया गया। गांधी जी के साथ भारत कोकिला सरोजिनी नायडू को यरवदा पुणे के आगा खान पैलेस में, डॉ. राजेंद्र प्रसाद को पटना जेल व अन्य सभी सदस्यों को अहमदनगर के किले में नजरबंद किया गया था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इस जनान्दोलन में 942 लोग मारे गये, 1630 घायल हुए, 18 हजार डीआईआर में नजरबंद हुए तथा 60 हजार 229 गिरफ्तार हुए। जयप्रकाश नारायण, अरूणा आसफ अली व मदनलाल बागड़ी का इस क्रांति में अविस्मरणीय योगदान रहा था। 9 अगस्त 1942 के दिन इस आंदोलन को लालबहादुर शास्त्री ने एक बड़ा रूप दे दिया था। लालबहादुर शास्त्री ने 1942 में मरो नहीं मारो का नारा दिया। जिसने क्रान्ति की ज्वाला को पूरे देश में प्रचण्ड किया। 19 अगस्त 1942 को शास्त्री जी गिरफ्तार हो गए। इस आंदोलन की व्यूह रचना बेहद तरीके से बुनी गई थी। चूंकि अंग्रेजी हुकूमत दूसरे विश्व युद्ध में पहले ही पस्त हो चुकी थी और जनता भी आंदोलन की ओर झुक रही थी। लिहाजा 8 अगस्त 1942 की शाम को बम्बई में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के बम्बई सत्र में अंग्रेजों भारत छोड़ो का नाम दिया गया था। हालांकि गांधी जी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया था। लेकिन देश भर के युवा कार्यकर्ता हड़ताल और तोड़फोड़ की कार्रवाइयों के जरिए आंदोलन चलाते रहे। 1942 का अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन 1920, 1921, 1930, 1940-41 के आंदोलनों से काफी भिन्न था। इसी कारण सुभाष बाबू ने कहा था कि 1942 में पेसिव रजिस्टेन्स के युग का अंत होकर एक्टिव रजिस्टेन्स का सूत्रपात हुआ। राजनारायण मिश्र, महेंद्र चौधरी, लेना प्रसाद, मातिंगिनी हाजरा, चाफेकर बंधुओं, खुदीराम बोस, कन्हाईलाल, करतार सिंह, रामप्रसाद बिस्मित,

अशफाकउल्ला खान, राजेंद्र लाहिड़ी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे वीरों के अविस्मरणीय योगदान ने आजादी की राह काफी सरल बना दी थी। गांधीजी का करो या मरो का नारा अत्यन्त ही शक्तिशाली मंत्र साबित हो रहा था। बापू के इस मंत्र का भी देशव्यापी असर पड़ा और यह नारा बाद में आजादी पाने का ध्येय मंत्र बन गया। 6 अगस्त 1925 को ब्रिटिश सरकार का तख्ता पलटने के उद्देश्य से बिस्मिल के नेतृत्व में हिन्दुस्तान प्रजातंत्र संघ के दस जुझारू कार्यकर्ताओं ने काकोरी कांड किया था। जिसकी यादगार ताजा रखने के लिए पूरे देश में हर साल 9 अगस्त को काकोरी काण्ड स्मृति-दिवस मनाया जाता था। इस दिन बहुत बड़ी संख्या में नौजवान एकत्र होते थे। गांधी जी ने एक सोची-समझी रणनीति के तहत 9 अगस्त 1942 का दिन चुना था। दूसरे विश्व युद्ध में इंग्लैंड को बुरी तरह उलझता देख जैसे ही नेताजी सभाषचंद्र बोस ने आजाद हिन्द फौज को दिल्ली चलो का नारा दिया। गांधी जी ने मौके की नजाकत को भांप लिया और 8 अगस्त 1942 की रात में ही बम्बई से अंग्रेजों को भारत छोड़ो व भारतीयों को करो या मरो का आदेश जारी किया। अगस्त क्रांति आन्दोलन में महिलाओं के योगदान को कम तर नहीं आका जा सकता। अरूणा आसफ अली, सुचेता कृपलानी ने आंदोलन में खूब साथ दिया। अच्युत पटवर्धन, रासबिहारी, मोहन सिंह सरीखे क्रांतिकारियों ने अमूल्य योगदान दिया। सारा देश मानो हिल गया। 8 अगस्त 1942 को जिस क्रांति का सूत्रपात हुआ उसने यह जाहिर कर दिया कि अब अंग्रेजी हुकूमत टिक नहीं सकती। दरअसल सन् 1942 की क्रांति पिछले सत्तावन वर्ष से राष्ट्रीय कांग्रेस जो आंदोलन चला रही थी उसका उफान था। इस उफान ने अंग्रेजों की आंखें खोल दी। इस उफान की पृष्ठभूमि में लोकमान्य तिलक और उनके बाद महात्मा गांधी ने व्यापक जन-जागृति उत्पन्न की थी।

भारत छोड़ो आंदोलन को 79 साल पूरे हो रहे हैं। ऐसे में भारत के हर नागरिक को देश के इस बड़े आंदोलन के बारे में अवश्य जानना चाहिये। देखा जाए तो यह सही मायने में एक जन आंदोलन था। जिसमें अमीर, गरीब, ग्रामीण, शहरी का भेद भुलाकर लाखों की संख्या में आम हिंदुस्तानी शामिल हुये थे। इस आंदोलन की सबसे बड़ी खासियत थी कि इसने युवाओं को बड़ी संख्या में अपनी ओर आकर्षित किया था। नवयुवक कॉलेज छोड़कर जेल जा रहे थे। इस आंदोलन का प्रभाव इतना ज्यादा था कि अंग्रेज हुकूमत पूरी तरह हिल गई थी। अंग्रेजों को इस आंदोलन को दबाने के लिए ही साल भर से ज्यादा का समय लगा था। जून 1944 में जब विश्व युद्ध समाप्ति की ओर था तो महात्मा गांधी को रिहा कर दिया गया। इस तरह आंदोलन ने ब्रिटिश हुकूमत पर व्यापक प्रभाव डाला और इसके कुछ साल बाद ही भारत आजाद हुआ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रीत की परंपरा ही, रही सदा भारत

प्रीत की परंपरा ही, रही सदा भारत की किसी से कभी भी बैर, ठानते नही है हम। सत्य, अनुराग सदा, है हमारी पहचान बेगुनाहों पर शस्त्र, तानते नही है हम। खेलभावना के संग ,खेलतें है खेल सदा। छल छिद्र द्वेष कोई, जानतें नही है हम। लाख मिले दर्द, गम, घाव से भरा हो तन। मन से कभी भी हार, मानते नही है हम। **सुनिल शर्मा नील**

एक मुट्ठी मिट्टी में कोई बरगद रोप

एक मुट्ठी मिट्टी में कोई बरगद रोप दे पल भर का हो मिलन कोई जीवन भर का अमृत घोल दे। रिस जाए सारा यौवन गर प्रेमी बेशर्म बोल दे। चलो छोड़ो यारो रोना क्या पता कल कोई अश्कों में तेजाब घोल दे। गुजर ही जाती है जिंदगी काश कोई जीना सिखा दे। **प्रीती श्रीवास्तव**

खास पाती

बैठी बैठी सोच रही हूँ क्या कुछ

बैठी बैठी सोच रही हूँ क्या कुछ मैं लिख पाऊँगी ? सपनों के रंगीन सपने क्या, पकड़ कभी मैं पाऊँगी ? सामने हैं कुछ कोरे पन्ने क्या , उन्हें भर पाऊँगी ? कलम की स्याही सूख न जाये क्या शब्दों को गढ़ पाऊँगी ? कुछ किरदार हैं बिखरे कंकर एहसास है रेती का समंदर खोद के कूआँ मथकर सागर मोती ढूँढ क्या पाऊँगी? धूंये सा उड़ता गुब्बारा ख़्यालों का बादल आवारा आवारा बादल के टुकड़े को पकड़ कभी क्या पाऊँगी? जाने दो ये सब हैं बातें, रातें बीती, बीती बातें बातों के जोड़ के टुकड़े यादों में सहला जाऊँगी ।। **शिखा लाहिरी**

तुम जो मुझको क़बूल कर लो

तुम जो मुझको क़बूल कर लो ये इस्तिखारा तेरे लिए है तुम जो निगाहें इधर कर लो तमाम इशारा तेरे लिए है ये आसमाँ में हुई क्या हरक़त क्या तुमने कोई अज़ान की है या फिर हवाओं ने आसमाँ से भेजा सलाम तेरे लिए है हर एक अल्फ़ाज़ ज़ब्त किए हैं मैंने अपनी किताब-ए-रूह में तुम जो रूह पढ़ो कभी मेरी हर एक आयत तेरे लिए है तुम एक रोज़ पाजेब पहनकर आ जाना मेरे घर के दरीचे पर चराग़ मेरे दिल में जल उठेंगे ये दिल रौशन तेरे लिए है। **शिल्पी अग्रवाल**

बर्क गिरने लगी इक नज़र से

बर्क गिरने लगी इक नज़र से तेरी साँस थमने लगी इक नज़र से तेरी जिस मुहब्बत को दिल में दबाये रखा दिल में उठने लगी इक नज़र से तेरी इस ज़माने की बातों की परवा न थी बात बढ़ने लगी इक नज़र से तेरी ये कदम चलते चलते कहाँ थम गये बर्फजमने लगी इक नज़र से तेरी सर्द ही सर्द थे दिल के अरमाँ सनम आग जलने लगी इक नज़र से तेरी ख़्वाब में जब से तुम रू ब रू हो गये। रात ढलने लगी इक नज़र से तेरी हम तो 'प्रेमी' ही थे जब से घायल हुये चोट दुखने लगी इक नज़र से तेरी। **भानू राज 'प्रेमी' (दिनेश भोपाली)**

कुछ अल्फ़ाज़ लिख दिए हमने

कुछ अल्फ़ाज़ लिख दिए हमने दिल से, कभी तो पढ़ लिया करो तुम फुर्सत से, गर तसल्ली से पढ़ा होता तो समझ में आ जाते हम, कुछ पन्ने बिना पढ़े ही पलट दिए होंगे तुमने। **संगीता राठी**

पथरीली राहों में नाज़ुक ख्यालों

पथरीली राहों में नाजुक ख्यालों का एहसास लिखो स्याह उदासी में उजले से कुछ लम्हे झक्कास लिखो सेवा भाव मिटे ना दिल से गायें नवगान वतन के लक्ष्मीबाई सी ललनाओं का शौर्य इतिहास लिखो । **ज्योत्सना सक्सेना**

अपने जीवन के कठोरतम और

अपने जीवन के कठोरतम और दुःखद क्षणों में भी ,कोई न कोई बीता पल विशेष,कोई चेहरा याद आते ही हम उस पार चले जाते हैं। थरथराते पुल से पूरी रेलगाड़ी गुज़र जाती है। पर इन क्षणों की सीमा यह है कि ये स्थिर-चित्र नहीं हैं,स्टिल्स् नहीं हैं। मोशन पिक्चर की तरह हैं। हवा लगते ही मर जाती हैं। **शेष अमित**

बड़ा बुझदिल पड़ोसी है नहीं सम्मान

बड़ा बुझदिल पड़ोसी है नहीं सम्मान जो जाने, कायर की तरह भौके नहीं अरमान जो जाने, भरे नफरत सदा विषधर, दिखा जब सिंह धरती पे, शावक बन गया बुझदिल दिखा जब सिंह का रुतबा। हमारी संस्कृति ऐसी की दुश्मन प्यार करते है। अगर अंतस की भाषा को-समझते काश ये जाहिल। धरा के धर्म को भूले बड़े काफ़िर थे वे गीदड़। समाया था ये भय उनमे, धरा का दूध भी पानी/दिया दावत नजायज था- मरा कब सिंह खाता है। नहीं एहसास उसको था पड़ा जब सिंह से पाला। **राजकिशोर मिश्र 'राज'**

QUIZ TIME

1) छठी-पाँचवी शताब्दी ई.पू. में सर्वप्रथम 'इंडिया' नाम का प्रयोग किसने किया था?

2) किन मंदिरों में देवताओं के साथ राजा की मूर्ति स्थापित की गई थी?

3) 2003 के 92वें संशोधन अधिनियम द्वारा 8वीं अनुसूची में कौन-सी भाषाएँ शामिल की गई थी?

4) सतपुड़ा श्रेणी एक प्राचीन ब्लॉक पर्वत है इसकी सर्वोच्च चोटी का नाम क्या है?

5) भारत में हाथी उत्सव प्रतिवर्ष कहाँ मनाया जाता है?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) हेकेटियस (2) चोलकालीन मंदिरों में (3) बोडो, मैथिली, संथाली और डोगरी (4) धूपगढ़ (5) जयपुर, राजस्थान

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 09 अगस्त की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं:- 1173 दुनिया के सात अजूबों में से एक इटली के पीसा की झुकी हुई मीनार का निर्माण शुरू हुआ। 1329 पोप जॉन 22वें ने भारत के क्यूलोन में पहले कैथोलिक धर्मप्रदेश की स्थापना की। 1483 वेटिकन का सिस्टिन चैपल प्रार्थना के लिए खुला। 1830 लुई फिलिप फ्रांस के राजा बने। 1831 अमेरिका में पहली बार स्टीम इंजन ट्रेन चली। 1910 अल्वा फिशर ने बिजली से चलने वाली वाशिंग मशीन का पेटेंट हासिल किया। 1916 कैलिफोर्निया में लस्सेन ज्वालामुखीय राष्ट्रीय उद्यान स्थापित किया गया। 1925 क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल के नेतृत्व में 10 लोगों ने गार्ड के डिब्बे में लोहे की तिज़ोरी को तोड़कर चार हज़ार रुपये लेकर फरार हो गए। यह घटना काकोरी षड्यंत्र के नाम से प्रसिद्ध है। 1942 मुंबई में भारत छोड़ो आंदोलन के साथ 'करो या मरो' का नारा देने के बाद राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 50 समर्थकों के साथ गिरफ्तार किए गए। 1942 स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने मलाया (अब मलेशिया) में जापान की मदद से इंडियन नेशनल आर्मी की स्थापाना की। 1942 अहमद कवाम तीसरी बार ईरान के प्रधानमंत्री बने। 1945 अमेरिका ने फैट नाम का दूसरा परमाणु बम जापान के नागासाकी शहर पर गिराया। 1945 मंगोलिया ने जापान से युद्ध की घोषणा की। 1962 जर्मनी के शायर और लेखक नोबेल पुरुस्कार हरमैन हीसे का निधन। 1974 राष्ट्रपति निक्सन के इस्तीफे पर उपराष्ट्रपति गेराल्ड फोर्ड अमेरिका के 38 वें राष्ट्रपति बने। 1989 तोशिकी कैफुजापान के प्रधानमंत्री बने।

बिग बॉस ओटीटी' में नजर आएंगी सिंगर नेहा भसीन

बॉडी शेमिंग पर कहा- 'मेरे पेट को सर्कल कर के टीवी पर दिखाया गया था'

8 अगस्त की रात को वूट ऐप पर बिग बॉस ओटीटी दस्तक देने आ रहा है। बिग बॉस ओटीटी को करण जौहर होस्ट करेंगे। शो में सिंगर नेहा भसीन नजर आएंगी, इसका आधिकारिक ऐलान हो चुका है। ऐसे में हाल ही में नेहा भसीन ने एक इंटरव्यू में बॉडी शेमिंग पर बात की।

पेट सर्कल कर के दिखाया गया

बॉडी शेमिंग के मुद्दे पर जूम टीवी से बात करते हुए नेहा भसीन ने कहा, 'बेशक, मेरे पेट को सर्कल कर के टीवी पर दिखाया गया था और मुझे कहा गया था कि मेरा वीडियो इसलिए रिलीज नहीं होगा क्योंकि मैं मोटी हूं... और यह तब की बात है जब मेरा वजन करीब 49 किलोग्राम था। जब मैंने घर छोड़ा, तब मैं एक बहुत ही सामान्य बच्ची थी, और इन चीजों को लेकर कोई भी इनसिक्योरिटी नहीं थी, लेकिन वह तो बस शुरुआत थी। ऐसे लाखों उदाहरण हैं और मैं उन पर एक किताब लिख सकती हूं।'

मैं बड़ी हो गई हूं...

नेहा ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'अब, मैं बड़ी हो गई हूं, लेकिन यहां 18-19 साल के बच्चे आते हैं, जो इस सपने के साथ आते हैं कि सब कुछ अच्छा होगा... उन्हें पता होना चाहिए कि अच्छी चीजें होंगी, लेकिन बुरी चीजें भी होंगी। मैं यह नहीं कह रही हूं कि दुनिया सब बुरी है, लेकिन कभी-कभी, आपको इन चीजों से गुजरना पड़ता है।'

हिट सॉन्ग्स

बता दें कि नेहा भसीन इन दिनों बिग बॉस ओटीटी में नजर आने के लेकर चर्चा में हैं। कुछ वक्त पहले शो का एक प्रोमो रिलीज किया गया था, जिसमें नेहा भसीन नजर आ रही थीं। बात नेहा के करियर की करें तो 'धुनकी', 'जग घूमेया', 'हीरिये' 'लौंग गावाचा' और 'स्वैग से स्वागत' उनकी हिट लिस्ट में शामिल हैं। इसके साथ ही 2008 में रिलीज हुई फिल्म फैशन का गाना 'कुछ खास है' भी खूब हिट हुआ था।

मलाइका अरोड़ा की इस खबर पर भड़के अर्जुन कपूर, कहा-

'2021 में ऐसी हेडलाइन पढ़ना दुखद और शर्मनाक..'

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर का नाम उन सितारों में शुमार है, जो अपनी बात बेबाकी से रखने में विश्वास रखते हैं। ऐसे में हाल ही में अर्जुन कपूर ने उन रिपोर्ट्स पर अपनी नाराजगी जाहिर की, जिसमें मलाइका अरोड़ा के साथ उनकी संपत्ति की तुलना की गई थी।

क्या है पूरा मामला

दरअसल हाल ही में एक न्यूज पोर्टल ने मलाइका अरोड़ा की संपत्ति को लेकर एक न्यूज पब्लिश की। पोर्टल की रिपोर्ट के मुताबिक मलाइका की नेट वर्थ करीब 100 करोड़ रुपये है, जो उन्होंने फिल्मों में डांस नंबर्स, एक्टिंग, रियलिटी शोज को जज करना, विज्ञापन और अन्य इवेंट्स से कमाई है। वहीं अर्जुन कपूर की नेट वर्थ करीब 88 करोड़ रुपये बताई गई।

अर्जुन की इंस्टा स्टोरी

ये खबर अर्जुन कपूर को कुछ खास पसंद नहीं आई और उन्होंने अपनी इंस्टा स्टोरी पर लिखा, '2021 में ऐसी हेडलाइन पढ़ना दुखद और शर्मनाक है। बिल्कुल, वह अच्छा कमाती हैं और आज वो जहां हैं, वहां पहुंचने के लिए उन्होंने सालों की मेहनत की है, जिसकी तुलना किसी से नहीं होनी चाहिए, मुझसे भी नहीं।' हालांकि अर्जुन ने अपनी इंस्टा स्टोरी कुछ देर के बाद ही डिलीट कर दी।

अर्जुन और मलाइका का करियर

बता दें कि मलाइका अरोड़ा करीब दो दशकों से सिनेमाजगत में एक्टिव हैं। उन्होंने फिल्मों में काम किया, ब्रांड एंडोर्स किए, टीवी शोज के साथ ही अन्य इवेंट्स में भी एक्टिव रहीं। वहीं अर्जुन कपूर का करियर 2012 में शुरू हुआ। ऐसे में दोनों सितारों की संपत्ति की तुलना करना फैन्स को भी नहीं भाया।

रिलेशनशिप में हैं अर्जुन- मलाइका!

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा, साल 2016 से साथ हैं। हालांकि इसका उन्होंने आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया है, लेकिन सोशल मीडिया पर उनके पोस्ट इस बात की गवाही देते हैं।

सलमान-शाहरुख नहीं ये अभिनेता हैं नीरज चोपड़ा के फेवरेट, बायोपिक पर कही थी ये बात



टोक्यो ओलंपिक में जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा को देशभर से बधाइयां मिल रही हैं। पूरा देश उन पर गर्व कर रहा है। हरियाणा के पानीपत के एक छोटे से गांव से आने वाले नीरज के बारे में सभी ज्यादा से ज्यादा जानना चाह रहे हैं। सोशल मीडिया पर वह लगातार ट्रेंड कर रहे हैं। इन सबके बीच क्या आपको पता है कि नीरज चोपड़ा का बॉलीवुड में पसंदीदा हीरो कौन है?

पसंदीदा हीरो

नीरज के गोल्ड जीतने के बाद उनके पुराने इंटरव्यू वायरल हो रहे हैं। बॉलीवुड में इन दिनों बायोपिक फिल्मों का चलन चल रहा है। 2018 में वेबसाइट क्विंट के साथ एक इंटरव्यू में जब उनसे पूछा गया कि जैवलिन पर अगर फिल्म बनती है तो कौन सा एक्टर उनके किरदार को अच्छे से निभा सकता है? इस पर नीरज ने कहा कि 'अगर ऐसा होता है तो बहुत अच्छी बात है। वैसे तो हरियाणा के रणदीप हुड्डा पसंद हैं। इसके अलावा अक्षय कुमार काफी पसंद हैं।'

रणदीप ने किया ट्वीट

रणदीप हुड्डा ने लिखा कि उन्होंने तो पहले ही कह दिया था कि नीरज चोपड़ा, रवि दहिया, दीपक पुनिया और बजरंग पुनिया अपना दम दिखाकर आएंगे।

अक्षय ने दी बधाई

नीरज के गोल्ड जीतने के कुछ ही देर बाद अक्षय कुमार भी टॉप ट्रेंडिंग में आ गए। नीरज को बधाई देते हुए अक्षय कुमार ने लिखा कि 'यह गोल्ड है। नीरज चोपड़ा को इतिहास बनाने के लिए दिल से बधाई। आप करोड़ों लोगों के खुशी के आंसू के लिए जिम्मेदार हैं। बहुत खूब।' अक्षय ने यहां गोल्ड को अंग्रेजी के कैपिटल में लिखा, जो कि उनकी फिल्म का नाम भी है।

यहां देखें ट्वीट्स

ट्विटर पर कई यूजर ने अक्षय की पुरानी तस्वीर और नीरज की तस्वीर से तुलना की।

■ न्यूज गैलरी

जडेजा का डबल धमाल, कपिल देव और इमरान खान के क्लब में मिली एंट्री

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने इंग्लैंड के खिलाफ नॉटिंघम टेस्ट मैच के तीसरे दिन अपने नाम एक बड़ी उपलब्धि दर्ज कर ली। जडेजा ने पहली पारी में 56 रन बनाए। इसके साथ ही बाएं हाथ के बल्लेबाज जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 2000 रन और 200 विकेट भी पूरे कर लिए।

जडेजा टेस्ट में 2000 रन और 200 विकेट झटकने वाले भारत के 5वें जबकि ओवरऑल 21वें खिलाड़ी बन गए हैं। इससे पहले भारत की ओर से पूर्व कप्तान कपिल देव, रविचंद्रन अश्विन , अनिल कुंबले और हरभजन सिंहयह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

जडेजा ने यह उपलब्धि 53वें टेस्ट में हासिल किया

जडेजा ने बाउंड्री के जरिए यह उपलब्धि हासिल की। बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा ने ये कारनामा अपने 53वें टेस्ट में किया है। इससे पहले इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर इयान बॉथम (42 टेस्ट), दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव (50 टेस्ट) , पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इमरान खानऔर आर अश्विन ने 51 टेस्ट में यह रेकॉर्ड कायम किया था।

जडेजा के अर्धशतक के दम पर भारत ने 95 रन की बढ़त बनाई

जडेजा ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 8 चौके और एक छक्का लगाया। भारत को पहली पारी में 95 रन की बढ़त हासिल हुई। इस बढ़त में जडेजा और ओपनर केएल राहुल का अहम योगदान रहा।

इंग्लैंड अब भी 70 रन पीछे

इंग्लैंड ने दूसरी पारी में बारिश की वजह से दिन का खेल खत्म होने तक बिना कोई विकेट गंवाए 25 रन बना लिए हैं और वह अभी 70 रन पीछे है। डॉमिनिक सिब्ले 33 गेंदों पर दो चौके की मदद से नाबाद 9 रन और रोरी बर्न्स 38 गेंदों पर दो चौके की मदद से 11 रन बनाए हैं। भारतीय गेंदबाजों को फिलहाल कोई सफलता नहीं मिली है। इंग्लैंड की पहली पारी 183 रनों पर सिमटी थी।

इतिहास रचने के बाद बोले नीरज चोपड़ा, सब इत्तेफाक और भगवान की प्लानिंग

- ■ टोक्यो ओलिंपिक में गोल्ड लाए नीरज चोपड़ा, झूम उठा देश
- ■ घर से 16 कि.मी दूर जाकर प्रैक्टिस करते थे नीरज, गोल्ड पर बोले पिता
- ■ नीरज चोपड़ा ने रचा इतिहास, तोक्यो ओलिंपिक में भारत को दिलाया ऐतिहासिक गोल्ड



नई दिल्ली। नीरज चोपड़ा के हाथ से भाला छूटा और जमीन से टकराते ही उसने इतिहास रच दिया। वह भाला 87.58 मीटर दूर गिरा था और यह उन्हें ओलिंपिक में गोल्ड मेडल दिलवाने के लिए काफी था। नीरज ट्रैक ऐंड फील्ड में मेडल जीतने वाले पहले आजाद भारत के पहले ऐथलीट बने। नीरज का जैवलिन का सफर वजन कम करने से शुरू हुआ और अब यह ओलिंपिक पोडियम तक पहुंच गया है।

नीरज हालांकि मानते हैं कि यह सब ईश्वर की कृपा और इत्तेफाक है। उन्होंने कहा, 'देखिए, मैंने कभी सोचा नहीं था कि खेलना है। मैंने कभी देश के बारे में खेलने के बारे में भी विचार नहीं किया था।'

खेल, पदक नहीं थे प्लानिंग का हिस्सा... नीरज ने बताया सफलता का राज

नीरज का बचपन में वजन काफी ज्यादा था और पहली बार स्टेडियम वह वजन कम करने के लिए मकसद से ही गए थे। वहां उन्होंने कुछ सीनियर्स को जैवलिन फेंकते देखा और खेल के प्रति उनका रुझान पैदा हुआ।

नीरज ने कहा, 'मैं भगवान का शुक्रिया करता हूं, मुझे लगता है कि यह भगवान की पहले से प्लानिंग थी। चूंकि मेरा प्लान नहीं था स्पोर्ट्स करने का। मेरे परिवार में कोई स्पोर्ट्स नहीं करता। यहां तक कि गांव में भी स्पोर्ट्स का कोई माहौल नहीं था। यह बस इत्तेफाक था।'

उन्होंने कहा कि यह संयोग ही था मैंने जैवलिन फेंकना शुरू किया। नीरज ने सभी का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा, 'मैंने दिल से मेहनत की और सीनियर्स व कई लोगों का सपॉर्ट मिला तो मैं यहां आज आपके सामने बैठा हूं।'

भारतीय ओलिंपिक पदकवीरों के लिए बीसीसीआई ने खोली तिजोरी

नई दिल्ली। दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई ओलिंपिक में भारतीय दल के प्रदर्शन से गदगद है। शायद यही वजह है कि पदक विजेताओं के बीच कुल चार करोड़ रुपये बांटे जाने का एलान किया गया है। तोक्यो में शनिवार को नीरज चोपड़ा के गोल्ड जीतते ही भारत के ओलिंपिक अभियान का भी शानदार अंत हो गया।

नीरज को एक करोड़ रुपये

जैवलिन थ्रो में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचने वाले नीरज चोपड़ा को क्रिकेट बोर्ड एक करोड़ रुपये देगा। भाला फेंक एथलीट चोपड़ा ने शानदार प्रदर्शन से ओलिंपिक इतिहास में भारत को दूसरा व्यक्तिगत गोल्ड मेडल दिलाया। साथ ही वह ट्रैक एवं फील्ड में सफलता हासिल करने वाले पहले एथलीट भी बन गए।

सिल्वर को 50 और ब्रॉन्ज मेडलिस्ट को 25 लाख

ट्वीट में बीसीसीआई सचिव जय शाह ने रजत पदक विजेताओं- भारोत्तोलक मीराबाई चानू और पहलवान रवि दहिया के लिए 50-50 लाख रुपये के पुरस्कार की घोषणा की। कांस्य पदक जीतने वाले पहलवान बजरंग पूनिया, मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु को 25-25 लाख रुपये मिलेंगे।

इजराइल की इस तकनीक से सिर्फएक एकड़ से पाएं 100 एकड़ जितनी फसल

नई दिल्ली। धीरे-धीरे आबादी बढ़ती जा रही है और जमीन कम होती जा रही है। ऐसे में इजराइल की तकनीक पर आधारित वर्टिकल फार्मिंग से कम जगह में अधिक फसल ली जा सकती है। अगर इससे हल्दी की खेती करते हैं तो 1 एकड़ में ही 100 एकड़ के बराबर फसल मिल जाएगी। एक एकड़ में ही हल्दी की खेती से आप करीब 2.5 करोड़ रुपये की कमाई कर सकते हैं।

अब वो दिन दूर नहीं जब तमाम फल और सब्जियां खेतों के बजाए फैक्ट्रियों में उगाई जाएंगी। धीरे-धीरे आबादी बढ़ती जा रही है और जमीन कम होती जा रही है। इसी के साथ एक नई तरह की खेती शुरू हो गई है। ये है इजराइल की तकनीक पर आधारित वर्टिकल फार्मिंग। यानी कई लेयर में फार्मिंग, लेकिन जमीन पर नहीं, बल्कि जमीन के ऊपर। महाराष्ट्र में ऐसा एक

कंपनी का ऐसा ही प्रोजेक्ट चल भी रहा है, जिसमें हल्दी की खेती की जा रही है। हल्दी का इस्तेमाल ना सिर्फघरों में खाने में होता है, बल्कि कॉस्मेटिक्स और फार्मा इंडस्ट्री में भी इसका बहुत अधिक इस्तेमाल होता है। आप जानकर हैरान रह जाएंगे कि इस तकनीक से आप 1 एकड़ में 100 एकड़ के बराबर उत्पादन ले सकते हैं और हल्दी की खेती से करीब 2.5 करोड़ रुपये की कमाई कर सकते हैं।

क्या होती है वर्टिकल फार्मिंग?

वर्टिकल फार्मिंग में जीआई पाइप और करीब 2-3 फुट गहरे, 2 फुट तक चौड़े लंबे-लंबे कंटेनर्स को वर्टिकल तरीके से सेट किया जाता है। जैसा कि आप तस्वीर में भी देख रहे हैं, इसमें ऊपर का हिस्सा खुला होता है, जिसमें हल्दी की खेती होती है। वैसे तो वर्टिकल फार्मिंग अधिकतर लोग हाइड्रोपोनिक या एक्वापोनिक तरीके से करते हैं, जिसमें मिट्टी का इस्तेमाल नहीं होता, लेकिन इसमें मिट्टी का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए एक बड़ा शेड बनाना होता है, जिसमें खेती होती है। तापमान को 12 से 26 डिग्री के बीच में रखना होता है।

यूं ही नहीं रेकॉर्ड ऊंचाई पर जा पहुंचा शेयर बाजार, इनकी वजह से बदला है मार्केट का पूरा खेल!

एफपीआई ने अगस्त में भारतीय बाजारों में 1,210 करोड़ रुपये डाले हैं।

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त के पहले पांच कारोबारी सत्रों में भारतीय बाजारों में 1,210 करोड़ रुपये डाले हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, दो से छह अगस्त के दौरान एफपीआई ने शेयरों में 975 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ऋण या बांड बाजार में उनका निवेश 235 करोड़ रुपये रहा है। इस तरह उनका शुद्ध निवेश 1,210 करोड़ रुपये रहा है। जुलाई में एफपीआई ने 7,273 करोड़ रुपये की निकासी की थी।

कोटक सिक्योरिटीज के कार्यकारी उपाध्यक्ष, इक्विटी तकनीकी शोध श्रीकान्त चौहान ने कहा, 'बाजार

कई घरेलू संकेतकों मसलन पीएमआई में सुधर, सीएमआईई सर्वे में बेरोजगारी दर में कमी तथा जीएसटी संग्रह में सुधार से उत्साहित है। हालांकि, महामारी की तीसरी लहर को लेकर वैश्विक बाजारों में चिंता है।''

राकेश झुनझुनवाला के कमाई कराने वाले 5 टिप्स, जिनके जरिए उन्होंने शेयर बाजार से जमकर छापे नोट! हालांकि, हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि इन आंकड़ों से अभी रुख में बदलाव को कोई संकेत नहीं मिलता। श्रीवास्तव ने कहा, ''ऊंचे मूल्यांकन, तेल कीमतों में तेजी, डॉलर में मजबूती की वजह से एफपीआई भारतीय शेयरों से दूरी बना रहे हैं।

बाजार अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर है। ऐसे में एफपीआई नियमित अंतराल पर मुनाफा भी काट रहे हैं। '' जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, ''एफपीआई के लौटने से बड़ी कंपनियों के शेयरों की मांग बढ़ी है।''

गौरव | पूरा देश हमारे ओलंपिक दल की अभूतपूर्व सफलता से उत्साहित है

ओलंपिक मेडल जीतने वाले भारतीयों पर यह एयरलाइन हुई मेहरबान

- ■ अगले 5 साल तक फ्री में कराएगी देश-विदेश की यात्रा
- ■ ओलंपिक 2020 में भारत ने 7 पदक जीते हैं, जिनमें एक गोल्ड, दो सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल हैं

नई दिल्ली। गोएयर के रूप में स्थापित, गो फर्स्ट ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों के लिए खास पेशकश की है। गो फर्स्ट अगले पांच वर्षों तक यानी 2025 तक ओलंपिक मेडल विनर्स को फ्री में हवाई सफर कराएगी। ओलंपिक 2020 में भारत ने 7 पदक जीते हैं, जिनमें एक गोल्ड, दो सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल हैं।

नीरज चोपड़ा ने शनिवार को पुरुष भाला फेंक प्रतिस्पर्धा के फाइनल में स्वर्ण पदक जीतकर स्वतंत्र भारत को एथलेटिक्स में पहला पदक दिलाया। नीरज चोपड़ा का गोल्ड मेडल ओलंपिक में भारत का दूसरा व्यक्तिगत स्वर्ण पदक भी है। इससे पहले अभिनव बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक में शूटिंग में गोल्ड जीता था।

भारत के सात ओलंपिक पदक विजेता

मीराबाई चानू (भारोत्तोलन)
पीवी सिंधु (बैडमिंटन)
लवलीना बोरगोहेन (मुक्केबाजी)
पुरुष हॉकी टीम
रवि कुमार दहिया (कुश्ती)
बजरंग पुनिया (कुश्ती)
नीरज चोपड़ा (भाला फेंक)

इन सभी पदक विजेताओं को गो फर्स्ट की ओर से अगले पांच वर्षों के लिए किसी भी गो फर्स्ट सेक्टर के लिए मुफ्त हवाई यात्रा प्रदान की जाएगी।

पूरा देश ओलंपिक दल की कामयाबी से उत्साहित

ओलंपिक में देश के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर बोलते हुए, गो फर्स्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कौशिक खोना ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, पूरा देश हमारे ओलंपिक दल की अभूतपूर्व सफलता से उत्साहित है। गो फर्स्ट में हम सभी पदक विजेताओं को मुफ्त टिकट देकर इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए अपना आभार व्यक्त करना चाहते हैं। यह भारतीय खेलों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और हम देश का प्रतिनिधित्व करने वाले और हर जगह भारतीयों को गौरवान्वित करने वाले प्रत्येक सदस्य को बधाई देते हैं।

नीरज चोपड़ा को इंडिगो ने दिया ये तोहफा

एक दिन पहले विमानन कंपनी इंडिगो ने घोषणा की थी कि वह एक वर्ष की अवधि के लिए ओलंपिक 'गोल्ड मेडलिस्ट' नीरज चोपड़ा को अनलिमिटेड मुफ्त यात्रा की पेशकश करेगी। यह ऑफर 8 अगस्त 2021 से 7 अगस्त 2022 तक लागू है। इंडिगो के पूर्णकालिक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोनोजॉय दत्ता ने कहा है, ÷नीरज हम सभी को आपकी उल्लेखनीय उपलब्धि के बारे में सुनकर बहुत खुशी हुई। आपने देश को गौरवान्वित किया है और मुझे पता है कि इंडिगो के सभी कर्मचारी हमारी फ्लाइट में आपका स्वागत करने से वास्तव में सम्मानित होंगे। पूरी विनम्रता के साथ हम आपको इंडिगो पर एक साल के लिए मुफ्त उड़ानें देना चाहते हैं।

कांकेर विधायक का जन्म दिवस मितान दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

- अच्छे मित्र के बिना जीवन अधूरा है-शोरी
- विधायक निवास पर हरेली तिहार पर महिला कांग्रेस ने कुर्सी दौड़, सुवा नाच का किया आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। कांकेर क्षेत्र के विधायक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी का जन्म दिवस विधायक निवास कांकेर में कार्यकर्ताओं के द्वारा हर्षोल्लास वातावरण में मनाया गया इस दौरान शहर के विभिन्न समाज के प्रमुख तथा गणमान्य नागरिक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री शोरी ने अपना जन्मदिवस मित्रों, परिवारजनों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के मध्य केक काटकर मितान दिवस के रूप में उत्साह-पूर्वक मनाया। ज्ञातव्य है कि शिशुपाल जी का जन्म दिवस विगत 03 वर्षों से मितान दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है, कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि सुनील गोस्वामी ने बताया कि श्री शिशुपाल शोरी के सोच के अनुरूप अपने संस्कृति एवं परम्परा को जीवंत बनाये रखने के उद्देश्य से मितान परम्परा को जनमानस के बीच जीवंत बनाये रखने की कोशिश है । विधायक शिशुपाल शोरी के जीवन परिचय देते हुए बताया कि ग्राम डुमाली में अत्यंत ही निर्धन अनुसूचित जनजाति परिवार में हुआ, प्रारंभिक शिक्षा ग्राम डुमाली के ही प्राथमिक शाला में हुई तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा नरहरदेव विद्यालय कांकेर में पूर्ण हुआ। श्री शोरी दैनिक वेतन भोगी के रूप में वन विभाग में कार्य किये। वन विभाग के द्वारा वन रक्षक के पद में नियुक्ति प्रदान की। फिर बैंक ऑफ इण्डिया में सहायक प्रबंधक के रूप में पदोन्नत हुए अपने कठिन परिश्रम एवं लगन से शाखा प्रबंधक के पद पर आसीन होने में सफल रहे।

श्री शोरी समाज सेवा, प्रशासकीय क्षेत्र में रूचि रखने के कारण से पी.एस.सी. प्रतियोगी परीक्षा के लिए आपको प्रेरित किया जिसके चलते एम.पी.एस. में 1983 में प्रथम प्रयास में अपने संवर्ग में टॉपर रहे। प्रशासनिक सेवा में प्रारंभिक पद डिप्टी कलेक्टर खण्डवा के रूप में पदस्थापना हुई उसके पश्चात एस.डी.एम. सरगुजा, ए.डी.एम. दुर्ग, सी.ई.ओ. जिला पंचायत कर्वधा तथा नगर निगम भिलाई में कमीशनर रहे, गृह विभाग महिला बाल विकास विभाग में सचिवालय में संयुक्त सचिव रहे तथा जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा में कलेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दी । कांग्रेस के नीति एवं सिद्धांतों से प्रेरित होकर राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी के समक्ष उनके दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की तथा लगातार कांग्रेस संगठन से जुड़कर संगठन को मजबूती प्रदान करने के कारण वर्ष 2018 में कांकेर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में जीत हासिल की। इस प्रकार श्री शोरी जी का जीवन कई बांधाओं एवं आभाव से भरा रहा किन्तु आपने हिम्मत नहीं हारी और लगातार संघर्ष एवं प्रत्यनशील होने से आप आज सफलता के शिखर पर विराजमान हुए है । इस दौरान विधायक शिशुपाल शोरी ने अपने उद्बोधन के पहले फिल्म शोले फिल्म का मसहूर गीत ऐ दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गुनगुना कर मितान के शाब्दिक अर्थ को बताते हुए कहा कि एक अच्छे मित्र के बिना जीवन अधुरा है मित्र ऐसा नाता है जहां हर औपचारिकता और बंधन से उपर है पुरार्णिक समय से लेकर अब तक मित्रता के संबंध में कई जोड़िया मसहूर हुई है मित्रता केवल और केवल आपसी समझ से मजबूत होती है इसलिए एक मित्र का दूसरे मित्र के प्रति सत्यता और विश्वास का भाव सदैव होना चाहिए। इस दौरान अपने मितान जितेन्द्र सिह ठाकुर के साथ पुष्प भेट एवं गले मिलकर एक दूसरे का अभिनंदन किया इसी प्रकार मंच पर आसीन अन्य मितान जोड़ी श्रीमती बिमला शोरी-श्रीमती आरती रवि श्रीवास्तव, श्रीमती गोमती सलाम-आरती यादव, श्रीमती गीता भास्कर-नीरा साहू, सुश्री प्रिया टांडिया-आरूषी मिश्रा, कमला गुप्ता-माण्डवी दीक्षित तथा पुरूष वर्ग से लोमेन्द्र यादव-योगेश राजपूत, संग्राम नेताम-सोमेश सोनी, अमन-विकास चौरसिया, रोमनाथ-परमेन्द्र नाग, बबलू कुंवर दादरा-संतोष प्रधान ने अपने मितानों का अभिनन्दन किया। कार्यक्रम उपरात महिला कांग्रेस द्वारा हरेली पर्व के अवसर पर विधायक निवास में कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें आरती रवि श्रीवास्तव प्रथम, गोमती सलाम द्वितीय, तथा गीता भास्कर तृतीय स्थान पर रहे तथा सुवा नृत्य का भी महिलाओं ने अपनी प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष सुभद्रा सलाम, नरेश ठाकुर, हेमनारायण गजबल्ला, सुनील गोस्वामी, हरनेक सिंह औजला, रोमनाथ जैन, महेन्द्र यादव, कमला गुप्ता, दीपिका श्रीवास्तव, मनोज जैन, याशीन कराणी, मकबूल खान, हेमलता, याशमीन, हृदय राम शोरी, कमलकांत शोरी, के.आर. गजबल्ला, ईश्वर लाल मण्डावी, शंशांक शोरी, भावेश शोरी, आवेश मेमन, सहित विभिन्न कर्मचारी, संगठनों के पदाधिकारी तथा शहर के गणमान्य नागरिक शामिल होकर बधाई दी । कार्यक्रम का मंच संचालन सुनील गोस्वामी के द्वारा किया गया ।

काँकेर। शासकीय नरहरदेव उत्कृष्ट विद्यालय कांकेर में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा पौधा रोपण का कार्यक्रम कराया गया इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में कांकेर के विधायक शिशु पाल शोरी उपस्थित थे विद्यालय के प्राचार्य श्रीमति रचना श्रीवास्तव एवम् विद्यालय के शिक्षक साथियों द्वारा कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

रोटरी क्लब गोल्डन जुबली सेरेमनी कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य अवार्ड से रोटेरियन चंचल सलूजा को नवाजा

बिलासपुर। रोटरी क्लब बिलासपुर के द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों के गोल्डन जुबली सेरेमनी कार्यक्रम में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन शनिवार को देर शाम एक निजी होटल में किया गया था। जिसमे इंटरनेशनल रोटरी क्लब के अध्यक्ष शेखर मेहता,राज्य सभा सांसद विवेक तन्खा,एवं डिस्टिक गवर्नर सुनील फाटक के अलावा क्लब के कई पदाधिकारी भी शामिल हुए। इसी तारतम्य में बिलासपुर रोटरी क्लब के पूर्व सचिव रोटेरियन चंचल सलूजा को उनके कार्यकाल में किये गए उत्कृष्ट कार्य के लिए उन्हें पुरुस्कार से नवाजा गया। आपको बताते चले कि रोटेरियन चंचल सलूजा के कार्यकाल में रोटरी क्लब द्वारा रोटरी मार्ग का नाम कारण और उसके उन्नयन का कार्य किया गया।इस उपलब्धि को लेकर इस गोल्डन जुबली सेरेमनी कार्यक्रम में विशेष रूप से मंच में आसीन इंटरनेशनल रोटरी क्लब के अध्यक्ष शेखर मेहता ने पहले उन्हें रोटरी क्लब की और से उन्हें अवार्ड से नवाजा फिर उसी कड़ी में डिस्टिक गवर्नर सुनील फाटक ने भी उनको उत्कृष्ट कार्य के लिए अवार्ड से नवाजा इस मौके पर मंचस्थ रोटेरियन विवेक तन्खा ने भी उनके इस कार्य की प्रशंसा करते हुए,इनकी इस भूमिका को सराहा।

अन्तर्राष्ट्रीय चांवल अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र का भ्रमण

कांकेर/नवप्रदेश। अन्तर्राष्ट्रीय चांवल अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. यू.एस.सिंह एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ.एस.एस. कोटरयाने एवं डॉ. असग त्रिपाठी द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर के विभिन्न ईकाईयों कड़कनाथ हैचरी, समन्वित कृषि प्रणाली, पोषण वाटिका, बीज प्रक्रिया केन्द्र, केंचुआ खाद उत्पादन ईकाई के साथ-साथ जिला प्रशासन के सहयोग से केन्द्र में संचालित लघु धान्य प्रसंस्करण ईकाई एवं कृषकों के यहॉ समन्वित कृषि प्रणाली, लाख उत्पादन, सामूहिक सब्जी उत्पादन मॉडल का शनिवार को अवलोकन किया गया।

इस आशय की जानकारी देते हुए कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बीरबल साहू ने बताया कि कांकेर कृषि विज्ञान केन्द्र में स्थापित लघु धान्य प्रसंस्करण के तर्ज पर बायो-फोटिफाईड राईस की प्रसंस्करण संभावनाओं एवं कृषकों के यहॉ स्थानीय परिस्थिति का अवलोकन कर छत्तीसगढ़ राज्य एवं कांकेर जिले के लिए परियोजना निर्माण करने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया।

ब्रांडेड सामानो के पक्के बिल की बजाय लोकल व्यापारियों को कच्चे बिल भेज चला रहे काम

एक्सपायरी चिप्स बेचने वाले एजेंसी संचालक कच्चे बिल पर कर रहे लाखो का कारोबार

- कच्चे बिल देकर सेंट्रल जीएसटी व स्टेट जीएसटी के टैक्स से बचने की कवायद तो नही

नवप्रदेश संवाददाता

काँकेर। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा काँकेर मुख्यालय ही नही समस्त जिले में लोगो के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले एक्सपायरी सामान बेचने वालों पर ताबड़तोड़ कार्यवाही कर जुर्माना तक वसूल किया जा चुका है।वैसे भी काँकेर जिले सहित ग्रामीण अंचल में एक्सपायरी सामान बेचने वालों से कही ज्यादा 70 प्रतिशत आमजनो में खराब सामान नही लेने के अलावा मैन्युफैक्चरिंग तारीख़ देखकर खरीददारी करना जागरूक होने का परिचय देता है।

साथ ही एक्सपायरी सामान बेचने वालों के लिए यह सबक से कम नही आँका जाना चाहिए।

बता दे कि दैनिक नवप्रदेश ने 8 अगस्त को जुलाई का बताकर एक्सपायरी बिंगो चिप्स थमाए जाने की खबर को बड़ी ही प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था।

जुलाई का बताकर थमा दिया एक्सपायरी बिंगो चिप्स

नवप्रदेश फालोअप

खबर प्रकाशन के बाद श्रीराम एजेंसी से सामान लेने वालो में जबरदस्त हड़कंप मच गया था।इसके अलावा श्रीराम एजेंसी संचालक की मनमानी का मामला भी प्रकाश में आने लगा है।कुल मिलाकर श्रीराम एजेसी के द्वारा एक्सपायरी सामान सप्लाई किए जाने पर दुकानदार समानो की दिन भर पड़ताल होती रही।वही श्रीराम एजेंसी की शिकायत लंबे समय से स्थानीय व्यापारियों द्वारा किए जाने की जानकारी भी मिली है।

> रविवार अवकाश होने के कारण व स्टाफ़ की कमी के चलते उक्त दुकान पर रेड नही की जा सकी है।लगातार कार्यवाही के बावजूद शहर में अब भी एक्सपायरी सामान बेची जा रहीं है।इसके अलावा किसी भी खाने पीने के सामानों पर स्टेपलर पिन लगाकर बेचना असुरक्षित माना जाता है।एक्सपायरी समान बेचने वाले पर कार्यवाही किया जाएगा ।
>
> **विमल सिंह , जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी**

आईटीसी कम्पनी के नियमो की धज्जियाँ उड़ा रहा एजेंसी संचालक ?

मिली जानकारी के अनुसार बता दे कि एजेंसी संचालक को आईटीसी कम्पनी जिसमे दर्जन भर से अधिक ब्रांडेड सामान की एजेंसी दी गई है।कम्पनी एजेंसी संचालक को दुकानों तक सामानो की डिलवरी के लिए बाकायदा हर सुविधा मुहैया करवाती है।यहां तक एक्सपायरी सामानों की कीमत पहले ही भुगतान किए जाने की जानकारी हमारे विश्वस्वत सूत्रों ने बताया है।फिर भी एजेंसी संचालक द्वारा एक्सपायरी सामानो की वापसी के लिए बहानेबाजी किया जाता है।इसके अलावा कम्पनी के प्रोडक्ट में मिलने वाली मार्जिन को डकारने की जानकारी भी व्यापारियों द्वारा बताई गई है।

आईटीसी के प्रोडक्ट् में मिलने वाली मार्जिन मनी को डकारते है एजेसी संचालक

बता दे कि शहर के कुछ व्यापारियों ने नाम नही छापने की शर्त पर बताया कि आईटीसी कम्पनी के ब्रांडेड सामानो पर दुकानदारो को कंपनी से मिलने वाली मार्जिन मनी को एजेंसी होल्डर द्वारा डकार लिया जाता है।इसके अलावा चौकाने वाली बात यह भी सामने आई है कि किसी भी दुकानो में ब्रांडेड समानो का पक्का बिल नही दिया जाता है।इससे श्रीराम एजेसी संचालक के इरादो से साफ़ जाहिर होता है।कि सेंट्रल जीएसटी व स्टेट जीएसटी के टैक्स से बचने आईटीसी जैसे ब्रांडेड सामानो के एजेसी होल्डर द्वारा स्थानीय व्यापारियों को कच्चा बिल देकर लोगो को कम्पनी से मिलने वाली मार्जिन को डकारा जा रहा है। श्रीराम एजेसी से मंगाई गई समान एक्सपायरी निकलती है।तो उसे वापस लेने छै से एक साल तक का वापसी का बहाना बनाकर व्यापारियों को ठगे जाने की बात भी सामने आई है।

जीएसटी टैक्स से बचने दुकानों में आईटीसी कंपनी के समानो का बिल दिया जा रहा कच्चा

> एजेंसी संघ की बैठक में एक्सपायरी सामानो को मार्केट में नही दिए जाने कहा गया है।साथ ही बच्चों के खाने पीने की चीज़ों में स्टेपलर पिन निदनीय है।एक्सपायरी समान की वापसी की जाती है।अगली बैठक में चर्चा की जाएगी साथ ही समानो के लेनदेन के लिए पक्की बिल तारीख के साथ दिया जाना चाहिए
>
> **सजंय खटवानी , काँकेर एजेंसी यूनिटी कोषाध्यक्ष**

एसपी ने की नई परम्परा की शुरुआत, थानेदार सरपंचो का हरेली

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। सावन मास में भगवान शिव की भक्ति के साथ ही पहला त्योहार हरेली उत्सव को यादगार बनाने के लिए कोरबा एसपी ने अनोखी पहल की शुरुवात की है। पुलिस अधीक्षक की पहल पर थानेदार आज ग्रामीण क्षेत्र के सरपंचो के घर जाकर नारियल भेंट कर कुशलक्षेम की प्रार्थना कर रहे है।

छत्तीसगढ़ लोक परंपरा का पर्व हरेली गांव से लेकर शहरों में धूमधाम से मनाया जा रहा है। किसान परिवार अपने घरों में गाय-बैलों की पूजा कर छत्तीसगढ़ी पकवान ठेठरी, खुरमी का भोग लगाकर अच्छी फसल की कामना कर रहे है। प्रदेश का पहला त्यौहार को यादगार बनाने के लिए कोरबा पुलिस भी नई परम्परा की शुरूवात की है। जिसमें जिले भर के थाना चौकी के पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र में गांव के सरपंचो के घर जाकर उन्हें नारियल भेंट कर रहे हैं। इस नई परम्परा से निश्चित ही पुलिस और पब्लिक के बीच का फासला कम होगा।

हरेली त्यौहार पर युवाओं में दिखा उत्साह: हरियाली अमावस्या व छग का पारंपरिक त्यौहार हरेली मनाया गया। ग्रामीण अंचलों में नारियल फेंक सहित अन्य प्रतियोगिताएं हुई। हरेली त्यौहार के अवसर पर किसानों व युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। कृषि में काम आने वाले हल सहित अन्य औजारों की विशेष पूजा की गई। जानवरों को बीमारी से बचाने के लिए अंडा के पत्ती के साथ विशेष प्रकार की दवाई खिलाई गई।

कृषि औजारों की पूजा-अर्चना कर किसानों ने मनाया हरेली का पर्व

अंचल में रविवार को किसानों ने हरियाली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। हरियाली पर कृषि औजारों का पूजन कर अच्छी फसल की कामना की गई। हरेली अमावस्या पर किसानों ने काम बंद रखकर मवेशियों व औजारों की पूजा-अर्चना की।इस दौरान सभी किसान परिवारों में मुखिया की अगुवाई में पूजा-पाठ हुआ। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों ने पूजा की।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

लोकवाणी में 'आदिवासी अंचलों ...

आदिवासी दिवस 9 अगस्त को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इससे सभी लोगों को आदिवासी समाज की परंपराओं, संस्कृतियों और उनके उच्च जीवन मूल्यों को समझने का अवसर मिला है। मुख्यमंत्री बघेल ने प्रदेशवासियों को अगस्त माह में आने वाले त्यौहार हरेली, नागपंचमी, राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस, ओणम, राखी, कमरछठ और कृष्ण जन्माष्टमी की भी बधाई दी।

29 नई तहसीलों और 04 अनुविभागों का गठन

मुख्यमंत्री ने श्रोताओं के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि ढाई वर्षों में 29 नई तहसीलें और 4 नए अनुविभाग गठित किए हैं, उनमें से अधिकतर आदिवासी अंचल में ही हैं। कोरिया जिले में पटना के साथ चिरमिरी और केल्हारी तहसीलें भी गठित की गई हैं। बरसों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही को जिला ही नहीं बनाया गया बल्कि आदिवासी बहुल आबादी वाले इस क्षेत्र को उनका हक भी दिया गया।

52 वनोपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन से हमें लगा था कि आदिवासी अंचलों और शेष क्षेत्रों के बीच विकास का अंतर दूर कर लिया जाएगा, लेकिन हमने देखा कि विगत वर्षों में यह अंतर और भी अधिक बढ़ गया है। इसलिए हमने सबसे पहले विश्वास जीतने की बात की। 7 से बढ़ाकर 52 वनोपज को समर्थन मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था की, पुरानी दरों को भी बदला जिसके कारण वनोपज संग्रह से ही 500 करोड़ रुपए से अधिक अतिरिक्त सालाना आमदनी का रास्ता बन गया।

नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों का जाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 16 हजार करोड़ रुपए की लागत से सड़कों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे हमारे आदिवासी अंचलों को सैकड़ों ऐसी सड़कें मिलेंगी, जिनका इंतजार वे दशकों से कर रहे थे। नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में संपर्क बहाल करने के लिए हम 1 हजार 637 करोड़ रुपए की लागत से सड़कें बना रहे हैं।

छत्तीसगढ़ को मिला 11 राष्ट्रीय पुरस्कार

मुख्यमंत्री बघेल ने बताया कि बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा में एक बड़े उद्योग की स्थापना के नाम से ली गई आदिवासियों की जमीन वापसी की घोषणा के साथ आदिवासियों को न्याय दिलाने का सिलसिला शुरू हो गया है। भारत सरकार की संस्था ट्रायफेड द्वारा 6 अगस्त को छत्तीसगढ़ को लघु वनोपज की खरीदी तथा इससे संबंधित अन्य व्यवस्थाओं के लिए 11 राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं। यह हमारे आदिवासी अंचलों के साथ पूरे प्रदेश के लिए भी गौरव का विषय है।

शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियुक्ति

सीम बघेल ने बताया कि शिक्षा के लिए हमने संकटग्रस्त क्षेत्रों पर ज्यादा फोकस किया। जिसके कारण सुकमा जिले के जगरगुंडा में 13 वर्षों से बंद स्कूल बीते साल खुल चुका है। कोरोना काल में पढ़ाई तुंहर पारा अभियान के तहत लाखों बच्चों को उनके गांव-घर-मोहल्लों में खुले स्थानों पर भी पढ़ाया गया। बीस साल बाद प्रदेश में 14 हजार 580 शिक्षक-शिक्षिकाओं की नियुक्ति आदेश दे दिए गए हैं।

ग्राम पंचायत गोविंदपुर में स्तनपान दिवस मनाया गया

- बच्चे के लिए माँ का दूध अमूल्य - डोमेन्द्र ठाकुर

काँकेर/नवप्रदेश। शनिवार को ग्राम पंचायत गोविंदपुर में विश्व स्तनपान दिवस मनाया इस अवसर पर ग्राम पंचायत सरपंच सतरूपा कांगे डोमेंद्र सिंह ठाकुर संचालक जिला सहकारी संघ कांकेर उप सरपंच ग्राम पंचायत गोविंदपुर सचिव संजय पटेल के द्वारा ग्राम पंचायत में गॉव की माताओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। स्तनपान दिवस पर ग्राम पंचायत गोविंदपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रामबाई गौतम के द्वारा रंगोली उकेरी गई थी।रंगोली के माध्यम से माँ का दूध बच्चे के लिए कितना लाभदायक है उसे समझाने की कोशिश की गई थी।स्तनपान अवसर पर जिला सहकारी संघ के संचालक व उपसरपंच डोमेन्द्र सिंह ठाकुर ने अपने उदबोधन मे सबसे पहले राम बाई गौतम आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के।द्वारा बनाए गए रंगोली की ज़मकर तारीफ़ करते बताया कि हर शिशु के लिए माँ का दूध फायदेमंद होता है।इसलिए माताओं को समय से खान पान किया जाना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है।कि माताएं हरि सब्जी का सेवन करे साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ से सम्पर्क कर सरकार द्वारा चलाए जा रही योजनाओं का लाभ भी लेवे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर फ्लैट नंबर 103, प्रथम तल, वर्मा एग्जोटीका, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन नंबर : 9165929029

नवप्रदेश | कोरबा/सूरजपुर/अंतागढ़/केशकाल/जांजगीर | बिलासपुर, सोमवार, 9 अगस्त 2021

घरों से कचरा कलेक्शन में लोगों पर माह में 36 लाख का बोझ बढ़ा

■ नियम के फेर में उलझी योजना

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। नगर निगम क्षेत्र में दो स्तर की सफाई व्यवस्था है। सड़कों व नालियों की सफाई के लिए हर साल साढ़े नौ करोड़ का ठेका होता है, लेकिन संसाधन को मिलाकर 11 करोड़ तक खर्च हो जाता है। अब बरबसपुर डंपिंग यार्ड तक कचरा परिवहन बंद होने के बाद 2 करोड़ रुपए की बचत हो रही है।

अब ठेकेदार एसएलआरएम सेंटर पहुंचाकर गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग कराते हैं। दूसरी ओर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन शुरू होने के बाद 600 सफाई मित्रों को हर महीने 36 लाख और सालाना 4 करोड़ 32 लाख रुपए का भुगतान करना पड़ रहा है। यह राशि लोगों से संपत्तिकर में जोड़कर वसूली की जा रही है। 95 हजार मकान व दुकानों में पहुंचकर सफाई मित्र रोज कचरा इकट्ठा करते हैं। अब घरों व दुकानों के साइज के अनुसार शुल्क तय है। अब ठेकेदारों को भी एसएलआरएम सेंटर में ही सूखा व गीले कचरे को पहुंचाना अनिवार्य कर दिया गया है। डंपिंग यार्ड बरबसपुर में कचरा अब नहीं पहुंचाया जाएगा। शहर से 12 किलोमीटर की दूरी है। इससे ट्रैक्टर में डीजल के साथ ही समय भी लग रहा था। अब इसमें बचत हो रही है। लोगों पर बोझ बढ़ गया है।

18 एकड़ जमीन हो जाएगी खाली

बरबसपुर डंपिंग यार्ड को बंद करने के बाद 18 एकड़ जमीन खाली हो जाएगा। इसके बाजू में ही बायो मेडिकल वेस्ट के लिए जगह दी गई है। बरबसपुर में ही नया टीपीनगर का काम शुरू होने वाला है। जमीन खाली होने पर यहां कोई नई योजना भी लाने पर विचार किया जा रहा है।

यार्ड खाली करने करेंगे 6 करोड़ खर्च

निगम के बरबसपुर डंपिंग यार्ड में 22 साल से कचरा डंप किया जा रहा है। यहां के कचरे का निपटान करने के लिए निगम ने 6 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय लिया है। इसके लिए टेंडर की प्रक्रिया भी चल रही है। ठोस व गीले कचरे को अलग अलग कर निपटान किया जाएगा।

एक साथ दो साल की राशि वसूली का विरोध

कोरोना शुरू होने के बाद टैक्स वसूली बंद हो गई थी। अधिकांश दुकानें लॉकडाउन में बंद थीं। अब निगम एक साथ दो साल का स्वच्छता शुल्क वसूल रहा है। जिसका व्यवसायी विरोध कर रहे हैं। टीपीनगर के रामकिशन अग्रवाल का कहना है कि दुकानें बंद थीं फिर कचरा कहां से निकला। एक साथ वसूली से व्यवसायी परेशान हैं।

प्रभारी तहसीलदार पर लोगों को धमकी देने का आरोप

नवप्रदेश संवाददाता

अन्तागढ़। प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारियों से आम लोगों के साथ अच्छे एवं संयमित व्यवहार की उम्मीद की जाती है किंतु अन्तागढ़ तहसील में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार लोमेश मिरी के खिलाफ लोगों से दुर्व्यवहार किये जाने का मामला प्रकाश मे आया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्तागढ़ श्याम नगर निवासी बिसनाथ गोटा एवं अन्य महिलाएं भूमि अधिकार पट्टा के मामले में जारी हुए पेशी के लिए तहसील कार्यालय आये हुए थे, जिनमे कुमारी साहू, जैनी बाई, पुष्पा साहू,अजोन्तीन पोटाई, चंद्रिका निषाद, सुखबति उइके आदि शामिल थे। अपने ऑफिस केबिन में बैठे तहसीलदार ने इन लोगों को 15 अगस्त से पहले भूमि अधिकार पट्टा हेतु राजस्व विभाग द्वारा जारी राशि पटाने का आदेश दिया गया। मिरी द्वारा कहा गया कि अगर भूमि हेतु जारी राशि नही चुकाई गई तो उनके द्वारा जो जमीन मे काबिज़ हैं उन हितग्राहियों के घरों को ऑनलाइन वे नीलाम कर देंगे, साथ ही यह भी कहा कि उन घरों को खरीदने ग्राहक प्रतिदिन आ ही रहे हैं ।

हितग्राही बिसनाथ गोटा से इस संबंध मे बात करने पर उसने यह कहा कि हमे 2 लाख से अधिक की राशि पटाने का नोटिस दिया गया है, जिसे पटाने मे हम सक्षम नही हैं, क्योंकि समस्त हितग्राही आर्थिक स्थिति से बेहद कमजोर हैं, तथा यही बात तहसीलदार मिरी के समक्ष भी रखी गई, परंतु तहसीलदार मिरी तमतमा गए और उसे धमकी देते हुए केबिन से बाहर जाने को कह दिया। इस बात से आहत बिसनाथ गोटा ने तहसीलदार के खिलाफ थाना अन्तागढ़ में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है।

बता दें प्रशासन द्वारा जारी आदेशानुसार जो लोग राजस्व भूमि में सालों से निवास कर रहे हैं यदि वे इस भूमि का अधिकार पत्र चाहते हैं तो वे शासन द्वारा निर्धारित राशि जमा कर उक्त भूमि का राजस्व पट्टा प्राप्त कर सकते हैं, किन्तु तहसीलदार द्वारा लोगों से इस प्रकार किया जा रहा दुर्व्यवहार लोगों की सोच से परे है।

श्याम नगर निवासी सुखबती उइके ने बताया वो करीब 20 वर्षों से इस जगह पर निवास कर रही हैं, उन्हें भी एक लाख 75 हजार रूपये तहसील में 15 अगस्त तक जमा करने को कहा गया है, जमा नही करने की स्थिति में उनके जमीन को घर सहित नीलाम करने की धमकी तहसीलदार मिरी द्वारा दी गई है, यही बात अन्य महिलाओं ने भी बताई जन्हें जमीन की राशि जमा करने का आदेश जारी किया गया है। इन महिलाओं ने तहसील कार्यालय मे मिरी द्वारा बिसनाथ गोटा के साथ हुए दुर्व्यवहार की भी पुष्टि की है, उनका कहना है कि उस समय वे सब भी वहां उपस्थित थे।

■ न्यूज गैलरी

ट्रक चालकों से मारपीट व लूटपाट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जंजगीर-चांपा। क्षेत्र में आवागमन कर रहे ट्रक चालकों को रोककर लूटपाट व मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सारागांव थाना क्षेत्र में विगत लंबे समय से कुछ अज्ञात आरोपियों द्वारा ट्रक चालकों को रोककर लूटपाट व मारपीट जैसे संगीन वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। मामले में सारागांव पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

चॉकलेट खिलाने के बहाने नाबालिग से किया दुष्कर्म, आरोपी चंद घंटों में गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। चॉकलेट खिलाने के बहाने नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को हसौद पुलिस द्वारा तत्काल गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की बड़ी कार्यवाही की गई है। आपको बता दें कि आरोपी पीड़िता के गांव का निवासी है जिसके द्वारा नाबालिग किशोरी को चॉकलेट खिलाने के बहाने अपनी हवस का शिकार बनाया गया। फिलहाल हसौद थाना में अपराध पंजीबद्ध होने के पश्चात मामले की आरोपी युवक ईश्वर साहू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की बड़ी कार्यवाही की गई है। वहीं इस संबंध में हसोद पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थिया द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी गई कि 6 अगस्त की शाम करीबन 4 बजे इसकी नाबालिक लडकी पास के दुकान में खाई खजाना लेने गई थी वहां गांव का ईश्वर साहू चाकलेट देने के बहाने दुकान के उपर एक कमरा के अंदर ले गया वहां ईश्वर साहू द्वारा नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया।

प्रभारी तहसीलदार पर लोगों को धमकी देने का आरोप

अन्तागढ़/नवप्रदेश। प्रशासनिक पद पर बैठे अधिकारियों से आम लोगों के साथ अच्छे एवं संयमित व्यवहार की उम्मीद की जाती है किंतु अन्तागढ़ तहसील में पदस्थ प्रभारी तहसीलदार लोमेश मिरी के खिलाफ लोगों से दुर्व्यवहार किये जाने का मामला प्रकाश मे आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अन्तागढ़ श्याम नगर निवासी बिसनाथ गोटा एवं अन्य महिलाएं भूमि अधिकार पट्टा के मामले में जारी हुए पेशी के लिए तहसील कार्यालय आये हुए थे, जिनमे कुमारी साहू, जैनी बाई, पुष्पा साहू,अजोन्तीन पोटाई, चंद्रिका निषाद, सुखबति उइके आदि शामिल थे। अपने ऑफिस केबिन में बैठे तहसीलदार ने इन लोगों को 15 अगस्त से पहले भूमि अधिकार पट्टा हेतु राजस्व विभाग द्वारा जारी राशि पटाने का आदेश दिया गया। मिरी द्वारा कहा गया कि अगर भूमि हेतु जारी राशि नही चुकाई गई तो उनके द्वारा जो जमीन मे काबिज़ हैं उन हितग्राहियों के घरों को ऑनलाइन वे नीलाम कर देंगे, साथ ही यह भी कहा कि उन घरों को खरीदने ग्राहक प्रतिदिन आ ही रहे हैं।

गृहमंत्री को जन्मदिन पर अकलतरा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की मांग

अकलतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के गृह, जेल, लोक निर्माण, पर्यटन एवं धर्मस्व न्यास विभाग के मंत्री ताम्रध्वज साहू से उनके रायपुर स्थित निवास पर भेंटकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश महामंत्री योगेश साहू ने जन्मदिन की बधाई दी। योगेश साहू ने मंत्री ताम्रध्वज साहू को बताया कि जनपद पंचायत अकलतरा के अंतर्गत अकलतरा नगर से उत्तर-पश्चिम दिशा में 7 किलोमीटर की दूरी पर धार्मिक एवं प्राकृतिक छटाओं को समेट हुए विहंगम दृश्य के साथ दल्हा पहाड़ स्थित है। उक्त पहाड़ पर सिद्धमुनि आश्रम, विश्वेश्वरी देवी मंदिर, चतुर्भुज देवी अर्धनारीश्वर धाम, सिद्ध बाबा आश्रम एवं गुफा मुख्य दर्शनीय स्थल है जो कि छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल जिला जांजगीर चांपा अंतर्गत चिन्हाकिंत पर्यटन स्थलों की सूची के सरल क्र 08 पर उल्लेखित है। पूरे छत्तीसगढ़ से दल्हा पहाड़ में नाग पंचमी के दिन लाखों की संख्या में प्रतिवर्ष श्रद्धालुगण दर्शन करने पहुंचते हैं। इस जानकारी के साथ अकलतरा क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु आग्रह किया।

अधिग्रहित भूमि पर दस सालों बाद एसईसीएल ने हटवाया कब्जा

कब्जाधारी को मिल चुका है मुआवजा व उसके परिजन को नौकरी

सूरजपुर/नवप्रदेश। करीब 10 सालों बाद एसईसीएल अधिग्रहित भूमि पर काबिज एक मकान को खाली करवा पाया है इस कब्जाधारी को लगातार नोटिस देने के बाद भी वह मकान खाली नहीं कर रहा था जिस पर बेदखली की कार्रवाई की गई है, पूर्व में ही उसकी भूमि का मुआवजा व उसके एक परिजन को नौकरी दी जा चुकी हैं कब्जाधारी करीब 10 डिसमिल जमीन पर वर्तमान में

काबीज था जिसे नियमानुसार नौकरी की पात्रता भी नहीं है और वह नौकरी की मांग पर अड़ा था जिसको समझाइश देकर एसईसीएल ने भूमि खाली करवाया है हालांकि एसईसीएल प्रबंधन को विरोध का भी सामना करना पड़ा फिलहाल एसईसीएल ने कब्जा धारी को गेस्ट हाउस में रुकवाया है उसे अस्थाई तौर पर एसईसीएल ने अपने कॉलोनी में रुकने की व्यवस्था भी बनाई है।

बताया जाता है कि साल्ही ओपन कास्ट कोल माइंस खदान की भूमि पर राजेश्वर नामक व्यक्ति मुआवजा लेने के बाद भी भूमि को खाली नहीं कर रहा था जिससे एसईसीएल इस खदान में अपना कार्य नहीं कर पा रहा था और इससे उसे काफी नुकसान भी हुआ।वर्षों से उक्त कब्जाधारी को एसईसीएल खाली करने का आग्रह कर रहा था पिछले 1 वर्ष से लगातार नोटिस भी दी जा रही थी।संपदा न्यायालय में इसका प्रकरण चलाकर नियमानुसार दो दिन पूर्व बेदखली की कार्रवाई की गई हैं। कब्जा धारी को कोल इंडिया पुनर्वास नीति के तहत 1 लाख पुनर्वास हेतु प्रदान किया जाएगा। बताया जाता है कि राजेश्वर की सहमति से इसके भतीजे को सन 2020-11 में नौकरी भी प्रदान की गई है हालांकि सूत्रों ने यह भी बताया कि राजेश्वर जिस भूमि पर मकान बनाकर रहता था वह भी किसी आदिवासी वर्ग के नाम पर था उनके लोग को भी एसईसीएल ने रोजगार प्रदान किया गया है। इसकी जानकारी एसईसीएल को भी है।

इधर एसईसीएल को अपनी अधिग्रहित भूमि को खाली कराने में विरोध का सामना भी करना पड़ा।दूसरी ओर एसईसीएल प्रबंधन को इस भूमि पर लंबे समय से कब्जा रहने के कारण वह खदान से कार्य प्रारंभ नहीं कर पा रहा था जिससे उसे काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने भी बेदखली की इस कार्यवाही में एसईसीएल के साथ खड़ा रहा।

गोठान में आयोजित हरेली तिहार में शामिल हुए विधायक अनूप नाग

विधायक अनुप नाग ने 6 लाख 50 हजार रुपए का सामुदायिक भवन का किया भूमिपूजन

अंतागढ़/नवप्रदेश। आज छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्व हरेली तिहार के अवसर पर अंतागढ़ विधायक और मुख्यमंत्री अधोसंरचना एवं उन्नयन विकास प्राधिकरण के सदस्य अनुप नाग जनपद पंचायत अंतागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत टेमरूपानी के आश्रित गांव खोड़पानी के गोठान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

सर्वप्रथम विधायक अनुप नाग ने 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से निर्मित होने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन भी किया। इस दौरान विधायक अनुप नाग ने 8 अगस्त को मनाये जा रहे छ.ग. के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार के अवसर पर आम नागरिकों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है। हरियाली अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली त्यौहार का छत्तीसगढ़ के जनजीवन में व्यापक प्रभाव देखा जा सकता है। इस दिन किसान नांगर (हल) एवं कृषि औजार की पूजा करते है, जो हमारे कृषि प्रधान संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। विधायक अनुप नाग ने आगे कहा की वहीं दूसरी ओर देखा जाए तो हरेली पर्व का महत्व धरती को हरा-भरा बनाये रखने के लिए पेड़-पौधे की महत्ता को भी प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर अनुप नाग ने नागरिकों एवं किसानों की खुशहाली की कामना की है।

आबकारी मंत्री कवासी लखमा पहुंचे संतराम नेताम के गृहग्राम पलना

विधायक संतराम नेताम ने किया भव्य स्वागत

केशकाल/नवप्रदेश। आबकारी मंत्री कवासी लखमा पहुंचे विधायक संतराम नेताम के ग्रीह ग्राम पलना विधायक संतराम नेताम की जमकर की तारीफ मंत्री कवासी लखमा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहां आपके विधानसभा में इससे पहले भी कई विधायक चुनकर आये थे लेकिन इस बार जो संतराम नेताम को चुनकर विधानसभा में भेजा,

संतराम नेताम अपने क्षेत्र की हर समस्या विधानसभा सदन में पूरी गम्भीरतापूर्वक उठाते हैं, सन्तराम नेताम ने अनुपूरक बजट पेश किया, सदन में सभी दिग्गज नेताओं ने संतराम नेताम की तारीफ की, हमारी कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलने वाली पार्टी है, हमारी पार्टी में

प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान किया जाता है जिसका उदाहरण आपके सामने है कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धन्नूराम मरकाम जी को योजना आयोग का सदस्य बनाया गया है।

हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को बस्तर से अलग ही लगाव है, इसलिए आप देख सकते हैं कि कोंडागांव विधायक व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम भी बस्तर के हैं साथ ही राज्यसभा सदस्य फूलोदेवी नेताम भी बस्तर की ही हैं।

मुख्यमंत्री ने कोंडागांव जिले के कई ग्रामों में तहसील सौगात दी है ताकि ग्रामीणों को अपने किसी कार्य के लिए लम्बा सफर तय कर के मुख्यालय आने की आवश्यकता न पड़े।

गोधन न्याय योजना के तहत हजारों महिलाओं को लाभ मिला है, मुर्गी पालन, कुक्कुट पालन, मशरूम उत्पादन व गोबर बिक्री समेत अन्य गतिविधियां ग्रामीणों के लिए रोजगार का साधन बनी है। भाजपा के लोग बोलते हैं कि कांग्रेस ने इतने वर्षों में क्या किया, मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि प्रदेश के विभिन्न ग्रामों में नवीन लेम्प्स की सौगात दी है ताकि किसानों को धान बेचने के लिए लेम्प्सों के सामने लाइन न लगना पड़े।

हमारे यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी प्रदेश में विकास का एक नया अध्याय लिखेगी।

द्वार चलो अभियान के तहत गांव-गांव व घर घर घूमने वाले प्रदेश के पहले विधायक हैं संतराम नेताम: केशकाल के बायपास मार्ग निर्माण के लिए विधायक संतराम नेताम ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रमन सिंह को बहुत अपील किया था जिसका परिणाम है कि आज बायपास के निर्माण का कार्य भी शुरू हो गया है इसका श्रेय विधायक संतराम नेताम को जाता है।संतराम नेताम ने सबसे पहले सभी अतिथियों का स्वागत करवाया।

स्वागत के पश्चात धन्नूराम मरकाम को योजना आयोग का सदस्य बनाए जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए धन्नूराम मरकाम को शुभकामनाएं दिया।

शिक्षकों की समस्याओं को लेकर कुआकोंडा ब्लॉक की बैठक सम्पन्न

किरंदुल/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष शंकर चौधरी के नेतृत्व में किरंदुल में आयोजित किया गया। प्रांतीय पदाधिकारी प्रमोद भदौरिया, सूर्यकान्त सिन्हा, पुष्पा सिंह जिला अध्यक्ष उदयप्रकाश शुक्ला, जिला सचिव नोहर साहू, शैनी रविन्द्र, रामगुलाल साहू, अजय साहू,टीकम दास साहू ने बताया कि कोरोना काल के बाद ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों की समस्याओं को लेकर बड़ी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें संगठन के विस्तार व वर्तमान में चलाए जा रहे प्रांतीय अभियान क्रमोन्नति, पदोन्नति, वेतन विसंगति, पुरानी पेंशन बहाली, महंगाई भत्ता की मांगों व रणनीति पर चर्चा किया गया।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग क्रमांक-2 बिलासपुर (छ.ग.)

(झूलेलाल धर्मशाला के बगल में, चकरभाठा केम्प जिला-बिलासपुर)
E-mail Id-ee.2bsp@rediffmail.com

छठवां निविदा आमंत्रण सूचना

छ.ग. राज्य के बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किए गए ''ई'' श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र A-e में प्रतिशत दर पर ब्लाक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रमांक 2747/NIT-13/2021-2022/SAC — दिनांक 06.08.2021

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि — 17.08.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत निविदाएँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि — 24.08.2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि — 25.08.2021 अपरान्ह 11.30 बजे तक

एनआई. टी. क्र. निविदा	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाख में)	अमानत राशि
1	2	3	4
1	उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन धनरास में पहुंच मार्ग का निर्माण लं. 61 मी.	4.62	2000.00

टीप - (1) ब्लाक/पंजीयन की ईकाई कोटा (1) समयावधि 02 माह वर्षा ऋतु सहित (2) अन्य जानकारी का अवलोकन संभागीय कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-62734/1

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र. -2
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छत्तीसगढ़) एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

प्रारंभिक अधिसूचना

प्रकरण क्रमांक 1/अ-82/2014-15/3617 — गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, दिनांक 03/08/2021

चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूची के कालम (1) से (5) में दर्शित भूमि को अनुसूची के कालम (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भू-अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद् पश्चात अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा-11 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार सभी सर्व संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद् द्वारा अनुसूची के कालम (6) में उल्लेखित प्राधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा -12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :-

- अनुसूची -

जिला	तहसील	नगर/ग्राम प.ह.नं.	खसरा नं.	लगभग क्षेत्रफल हेक्टेयर	धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण	
1	2	3	4		6	7	
गौरेला पेण्ड्रा-मरवाही	मरवाही	माडाकोट प.ह.नं. 11	खसरा नं.	हेक्टेयर	कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग मरवाही मु. पेण्ड्रारोड छ.ग.	माडाकोट जलाशय योजना अंतर्गत शीर्ष/नहर निर्माण हेतु	
खसरा नं.	क्षेत्रफल हे.	खसरा नं.	क्षेत्रफल हे.	खसरा नं.	क्षेत्रफल हे.	खसरा नं.	क्षेत्रफल हे.
351/1	0.607	156 0.	433	172	0.344	176	0.291
151/1	0.271	77	0.065	313	0.016	359	0.061
363	0.194	364/1	1.0.28	169	0.283	174	0.138
314	0.012	325	0.214	328	0.202	329	0.057
332	0.740	319	0.020	334	0.372	157/1	0.202
157/2	0.089	157/1	0.478	349	0.227	58/9/2	0.077
324/1	0.032	159/1	0.279	159/2	0.024	353	0.227
364/2	0.162	365	0.065	351/2	0.162	352	0.016
307	0.040	355	0.231	333	0.299	361	0.275
362	0.040	355	0.599	360	0.170	350/3	0.028
266/2	0.628	350/4	0.024	351/3	0.073	304/2	0.049
304/3	0.024	315	0.049	326	0.040	330	0.028
158/2	0.008	159/3	0.073	159/4	0.081	160	0.053
163/2	0.032	173	0.138	327	0.077	324/2	0.028
151/2	0.081	153/1	0.583	155	0.356	175	0.380
335	1.174	350/1	1.037	344	0.611	345	0.809
346	0.142	347	0.073	348	0.401	308	0.154
350/2	0.028	331	0.032	154	0.129	82	0.040
171	0.053	177	0.081	151/3	0.271	152	0.073
153/2	0.194	161	0.142	159/5	0.202	79	0.032
78/1	0.129	83	0.053	78/2/1	0.097	78/5	0.065
					कुल योग-	84	17.897

(2) यह भी सूचित कियाजाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता, लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षों के बारे में अपना दावा/ आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही/पेण्ड्रारोड के कार्यालय में देखा जा सकता है।
(4) प्रस्तावित भू-अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
(5) प्रस्तावित प्रयोजना के भूमि अर्जन के लिए कराए गए सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।
(6) प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मरवाही/पेण्ड्रारोड के पुनर्वास और पुर्नव्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

जी-62745/2

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(नम्रता गांधी)
कलेक्टर जिला-गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही एवं पदेन उपसचिव
छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

प्रौढ़ साक्षरता के क्षेत्र में रोटरी इंडिया लिट्रेसी मिशन सहयोग करेगा

मुख्यमंत्री की उपस्थिति में रोटरी इंडिया एवं एससीईआरटी के बीच एमओयू

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में आज यहां उनके निवास कार्यालय में रोटरी इंडिया लिट्रेसी मिशन एवं एससीईआरटी छत्तीसगढ़ के मध्य निःशुल्क एमओयू किया गया। एमओयू के तहत रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन प्रौढ़ साक्षरता के क्षेत्र में निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए आगामी की नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के संचालन एवं स्टूडेंट वालंटियर्स को तैयार करने में राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण का सहयोग करेगा।

प्रौढ़ शिक्षा को पुनर्जीवित करने के लिए स्थानीय रोटरी क्लब का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए सहायक गतिविधियों (ट्रेनिंग मॉड्यूल, सर्टिफिकेशन) एवं नेशन बिल्डर अवॉर्ड्स से पुरस्कृत करेगा। इसके साथ-साथ ई-लर्निंग सामग्रियों का निर्माण, वोकेशनल एवं स्किल डेवलपमेंट में सहयोग करेगा। शाला त्यागी बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा में जोड़ने के लिए रोटरी इंडिया लिटरेसी मिशन द्वारा सहयोग कार्यक्रम चलाया जाएगा।

इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, राज्य सभा सदस्य श्री विवेक तन्खा, स्कूल शिक्षा एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव श्री कमलप्रीत सिंह, एससीआरटी के डायरेक्टर श्री राहुल वेंकट, रोटरी के इंटरनेशनल प्रेसिडेंट श्री शेखर मेहता, श्री सुनील पाठक, श्री अखिल मिश्रा, श्री शशांत रस्तोगी, श्री मंजीत सिंह, श्री गौरव जिंदल सहित रोटरी इंडिया के पदाधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने गोधन न्याय योजना की कॉफी टेबल बुक का किया विमोचन

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में आयोजित हरेली पर्व के कार्यक्रम के अवसर पर गोधन न्याय योजना कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने इस योजना के क्रियान्वयन में सहभागी सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसके माध्यम से ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। हमारे गांव शक्ति के केन्द्र बन रहे हैं। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति और गांव में रोजगार का नया अवसर सुलभ हुआ है। इस योजना को देश-दुनिया से सराहना मिली है। पशुपालन और डेयरी को प्रोत्साहन मिला है, यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल इस अवसर पर राजीव गांधी किसान न्याय योजना 2021 की मार्गदर्शिका का भी विमोचन किया।

इस कॉफी टेबल बुक में योजना के शुरूआती दौर से लेकर एक वर्ष पूर्ण होने तक की उपलब्धियों का सिलसिलेवार फोटोग्राफ सहित विवरण, गोबर बेचने वाले हितग्राहियों, महिला स्व सहायता समूहों की सफलता, वर्मी कम्पोस्ट, सुपर कम्पोस्ट के निर्माण की विधि एवं विपणन आदि की विस्तार से जानकारी दी गई है। इस अवसर पर कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री रविन्द्र चौबे, वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा, आदिम जाति कल्याण एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम साय सिंह टेकाम, नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ.शिवकुमार डहरिया, मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री राजेश तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त डॉ. एम.गीता, गोधन न्याय योजना के राज्य नोडल अधिकारी एवं कृषि विभाग के विशेष सचिव डॉ.एस.भारतीदासन, संचालक कृषि श्री यशवंत कुमार, संचालक उद्यानिकी एवं पशु चिकित्सा श्री माथेश्वरन वी. सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य किया : भुनेश्वर बघेल

- ग्राम बघेरा में धूमधाम से मनाया गया हरेली का त्यौहार
- कृषि औजारों की पूजा की गई
- खुमरी पहनाकर छत्तीसगढ़ी परम्परा के अनुरूप किया गया स्वागत
- रस्साकसी, गेड़ी, मटका फोड़ जैसे पारंपरिक खेलों का किया गया आयोजन
- समूह की महिलाओं ने लगाया छत्तीसगढ़ी व्यंजनों एवं राखियों का स्टॉल

राजनांदगांव। जिले के सभी विकासखंडों में हरेली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। हरेली तिहार के अवसर पर राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम बघेरा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल ने हल, गेड़ी, जोड़ा एवं अन्य कृषि औजारों की पूजा की। डोंगरगढ़ विधायक भुनेश्वर बघेल ने सभी को हरेली की बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति को संरक्षित किया है और उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के हर कोने के गांव-गांव में गौठान बनाए गए हैं। गौठान में गायों को रखने के साथ ही चारा, पानी एवं छांव की व्यवस्था की गई है। नरवा के कार्य भी किए जा रहे हैं। जल सरंक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप नरवा का विकास करना है। नरवा से खेती के लिए पानी का स्रोत अच्छा रहेगा। हमारा प्रदेश देश में पहला ऐसा राज्य है, जहां गोधन न्याय योजना के तहत दो रूपए की राशि में गोबर क्रय किया जा रहा है। हमारी परंपरा और संस्कृति में गौरा-गौरी के रूप में गोबर की पूजा की जाती है तथा गोवर्धन पूजा में गोबर का टीका लगाया जाता है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति को आगे बढ़ाने का कार्य किया है। गोबर के क्रय से महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं को आजीविका का साधन मिला है और वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण होने से खेती किसानी में फायदा होगा। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप गांव में उपलब्ध संसाधन का उपयोग करना है। 2 हजार 500 रूपए की राशि में किसानों का धान खरीदा जा रहा है। शीघ्र ही खेतिहर मजदूरों के लिए शासन की नई योजना प्रारंभ होने वाली है। शासन द्वारा कोविड-19 के कठिन समय में बहुत से कार्य किए गए।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने छत्तीसगढ़ के पहले तिहार हरेली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि पहले गांव एवं शहरों में नारियल फेंक एवं गेड़ी जैसे खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता था। घरों में नीम की पत्तियां लगाई जाती थी। अब हमारी पुरानी परम्परा कम ही दिखाई देती है। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ की परम्परा को पुनर्जीवित कर आगे बढ़ाने का कार्य किया है। इस गौठान में विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में बहुत अच्छा कार्य हुआ है। हमको इस गौठान को आदर्श गौठान बनाना है और शासन की योजना का अच्छी तरह से क्रियान्वयन करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को गेड़ी पर जरूर चढ़ाएं और हमारे आने वाली पीढ़ी को हमारी संस्कृति एवं परम्परा से परिचित कराएं।